



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल






वर्ष- 13, अंक - 209 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 17 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-





## छत्तीसगढ़ में भाजपा का जेल भरो आंदोलन

# भूपेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी प्रदेशभर में सड़क पर उतरे भाजपाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आंदोलन की अनुमति को लेकर जारी सरकारी आदेश के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी का सोमवार को प्रदेशभर में जेल भरो आंदोलन जारी है। रायपुर में प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी सहित तीन हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। बृजमोहन काले गुब्बारे लेकर सेंट्रल जेल परिसर में बैठे हुए हैं। राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भूपेश सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। रायपुर में जेल परिसर में भाजपाई हनुमान चालीसा पढ़ने लगे। प्रदेश के अधिकांश जिलों में प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झूमा-झटकी भी हुई है। प्रदेश के सभी जिलों में हजारों की संख्या में भाजपाईयों ने गिरफ्तारी दी।




छत्तीसगढ़ में धरना-प्रदर्शन को लेकर जारी सरकारी आदेश के खिलाफ भाजपा का प्रदेशभर में जेल भरो आंदोलन जारी है। भीषण गर्मी के बीच भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर रहे हैं। राजधानी रायपुर में 4 जगहों पर प्रदर्शन हुआ। रायपुर में पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता कालीबाड़ी से सीएम हाउस जाने निकले। पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोका और फिर गिरफ्तार कर जेल ले गई। राजनांदगांव में पूर्व सीएम डॉ. के नेतृत्व में आंदोलन हुआ। वहीं बिलासपुर में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक व बस्तर संभाग मुख्यालय में पूर्व मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में जेल भरो आंदोलन किया गया। सभी जगहों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोंकझोंक भी हुई।

## जन आक्रोश को कुचलना चाहती है भूपेश सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार इतनी भयभीत हैं कि अपने खिलाफ उठ रही आवाज को दबाना चाहती हैं। जन आक्रोश को कुचलना चाहती हैं। छत्तीसगढ़ियों के अभिव्यक्ति की आजादी को छीनना चाहती है। छत्तीसगढ़ में धरना-प्रदर्शन, आंदोलन पर रोक लगाने कानून लाया गया है। कांग्रेस सरकार द्वारा मिनी काला कानून लाकर छत्तीसगढ़ में आपातकाल की यादों को ताजा करने का कृत्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में तानाशाही चलाने वाली सरकार की जेल भाजपा के इस आंदोलन के सामने छोटी पड़ेगी।

# कार्ति चिदंबरम के कई ठिकानों पर सीबीआई का छापा, बोले- नंबर भी याद नहीं कितनी बार पड़ी रेड






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम के कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। मंगलवार की सुबह ही दिल्ली से लेकर चेन्नै तक कई ठिकानों पर रेड डाली गई है। इनमें पी. चिदंबरम के आवासीय परिसर भी शामिल हैं। टीवी रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्ति चिदंबरम के खिलाफदर्ज एक केस के मामले में यह रेड डाली गई है। इससे पहले भी कई बार कार्ति चिदंबरम के ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। इस बीच कार्ति ने अपने ठिकानों पर रेड को लेकर तंज कसते हुए ट्वीट किया है।

कार्ति चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'मैं तो गिनती भी भूल गया है, कितनी बार ऐसा हो चुका है? इसका एक रिकॉर्ड होना ही चाहिए।' सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने कार्ति और पी. चिदंबरम के घर समेत 7 ठिकानों पर छापेमारी की है। सूत्रों का कहना है कि विदेश से पैसे हासिल करने के एक मामले में सीबीआई ने एक नया केस दर्ज किया है। उसी के तहत छापेमारी की यह कार्रवाई की गई है। सीबीआई के सूत्रों ने कहा कि कार्ति चिदंबरम ने 2010 से 2014 के दौरान यह रकम हासिल की थी। इससे पहले सीबीआई ने प्राथमिक जांच के लिए केस दर्ज किया था। जांच किए जाने के बाद उसे एफआईआर में तब्दील कर दिया गया है।

गौरतलब है कि पी. चिदंबरम यूपीए सरकार के दौर में बेहद प्रभावशाली नेता थे और वित्त मंत्री से लेकर होम मिनिस्टर जैसे अहम पदों पर रहे थे। उन्हें भी एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और जेल भी जाना पड़ा था। अब बेटे पर छापेमारी ने पी. चिदंबरम की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।

## खास खबर

### नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दो भाइयों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में सोमवार को तालाब में नहाने के दौरान दो नाबालिग भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब नौ बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। मृतकों की पहचान खरसिया क्षेत्र के महका गांव के निवासी श्याम शर्मा (12) और उसके भाई सागर शर्मा (10) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई नहाने के लिए गांव के तालाब में घुसे थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला और खरसिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोबरा बटालियन ने सुकमा के जंगल में मोर्टार बम उड़ाया, नक्सलियों की साजिश विफल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को कोबरा 206 बटालियन की डी कंपनी ने आज विफल कर दिया। बटालियन के जवानों ने सुकमा के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए मोर्टार एचई बम को नियंत्रित विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। यह बम नक्सल प्रभावित इलाके एल्मागुंडा कैंप से 450 मीटर की दूरी पर मिला था। कोबरा बटालियन ने यह मोर्टार बम सुरक्षा बलों को तगड़ा नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाया था।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा वैवाहिक दुष्कर्म का मामला, दिल्ली हाईकोर्ट में दो जजों ने सुनाया था अलग-अलग फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मैरिटल रेप यानी वैवाहिक दुष्कर्म का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। दिल्ली हाईकोर्ट के विभाजित फैसले के बाद इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। दरअसल, वैवाहिक दुष्कर्म अपराध है या नहीं, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट की दो जजों वाली बेंच ने बंटा हुआ फैसला सुनाया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान दोनों जजों की राय एक मत नहीं थी। इसी के चलते दोनों जजों ने अब इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए प्रस्तावित किया था।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने मैरिटल रेप के अपराधीकरण को लेकर बंटा हुआ फैसला सुनाया था। बेंच में से एक जज ने अपने फैसले में मैरिटल रेप को जहां अपराध माना है वहीं दूसरे जज ने इसे अपराध नहीं माना था। सुनवाई के दौरान जहां खंडपीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने वैवाहिक बलात्कार अपवाद को रद्द करने का समर्थन किया, वहीं न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा कि आईपीसी के तहत अपवाद असंवैधानिक नहीं है और एक समझदार अंतर पर आधारित है।

### हाईकोर्ट ने केंद्र के रवैये पर जताई थी नाराजगी

गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने के मामले में पक्ष रखने के लिए बार-बार समय मांगने पर केंद्र सरकार के रवैये पर नाराजगी जताई थी। अदालत ने केंद्र को समय प्रदान करने से इनकार करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दरअसल याचिकाकर्ता ने आईपीसी की धारा 375(दुष्कर्म) के तहत वैवाहिक दुष्कर्म को अपवाद माने जाने को लेकर संवैधानिक तौर पर चुनौती दी थी। इस धारा के अनुसार विवाहित महिला से उसके पति द्वारा की गई यौन क्रिया को दुष्कर्म नहीं माना जाएगा जब तक कि पत्नी नाबालिग न हो।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर नक्सलियों ने मजदूरों को बनाया बंधक

# वाहन फूंके, निर्माण नहीं करने की धमकी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों ने जमकर उत्पात मचाया है। सड़क निर्माण कार्य में लगे 5 वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है, जिसमें 2 पोकलेन, ट्रक, ट्रैक्टर समेत अन्य वाहन शामिल है। नक्सलियों ने मजदूरों को बंधक भी बनाया था। माओवादियों ने मजदूरों को सड़क निर्माण नहीं करने की चेतावनी दी है। वहीं सड़क निर्माण करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। फिलहाल सड़क निर्माण काम बंद कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली के हालेवारा थाना क्षेत्र स्थित एटापल्ली इलाके में सड़क निर्माण का काम चल रहा था। सोमवार को जंगल की तरफ से भारी संख्या में हथियारबंद माओवादी निर्माण स्थल पर आ धमके। नक्सलियों ने पहले निर्माण काम में लगे मजदूरों को बंधक बनाया। इसके बाद 5 गाड़ियों का डीजल टैंक फोड़कर आग लगा दी। नक्सलियों ने मजदूरों को काम नहीं करने चेतावनी दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद माओवादी जंगल की तरफ लौट गए। इधर माओवादियों की धमकी के बाद मजदूरों में दहशत है। काम भी बंद कर दिया गया है।

### मर्दीनटोला मुठभेड़ में मारे गए थे 26 नक्सली

बता दें कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बार्डर पर 13 नवंबर 2021 को सुरक्षा बलों ने गढ़चिरौली के मर्दीनटोला में ऑपरेशन चलाकार 26 नक्सलियों को ढेर किया था। इस मुठभेड़ में नक्सलियों के शीर्ष नेतृत्व के लीडरों की मौत हुई थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के 8 इनामी नक्सली भी शामिल थे। वहीं दो दिन पहले ही दो हार्डकोर नक्सली दंपति ने हिंसा का रास्ता छोड़कर गढ़चिरौली एसपी के समक्ष सरेंडर कर दिया था। पुलिस की मानें तो नक्सली घटते जनाधार से बौखला गए हैं और दहशत फैलाने ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### एक माह पहले सरेंडर नक्सली को मारा था

गढ़चिरौली के एटापल्ली डिवीजन के हेडरी के गट्टा क्षेत्र में नक्सलियों ने एक माह पहले 2 ग्रामीणों को हत्या की है। मृत युवकों की पहचान अशोक नरोटे (28 वर्ष) मंगेश हिचामी (27 वर्ष) के रूप में हुई थी। नक्सलियों ने शवों के पास पर्चा भी फेंका था। नक्सलियों ने जिन्हें मारा है, उनमें एक सरेंडर नक्सली भी था। माओवादियों ने दोनों ग्रामीणों को गट्टा गांव से अपहरण किया था। नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीणों की हत्या की थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लगातार हो रहे सरेंडर से नक्सल संगठन में बौखलाहट है।

# प्यार का पोस्टमार्टम: शादी वाले दिन गर्लफ्रेंड ने दुल्हन को बताया दूल्हे का राज, मंडप के बजाए पहुंचा हवालात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसमें प्यार का पोस्टमार्टम हो गया। दरअसल, यहां एक दूल्हे की बारात निकलने वाली थी, लेकिन वह मंडप के बजाए सीधे हवालात पहुंच गया। जानकारी के मुताबिक, मामला गर्लफ्रेंड को धोखा देकर किसी और लड़की से शादी करने का है। इसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर सीधे जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि मामला नेवरा थाना क्षेत्र का है। जलसो गांव के 26 साल के चिरंजीवी वर्मा के रामपुर चौकी क्षेत्र निवासी एक युवती से प्रेम संबंध थे। दोनों दो साल से एक-दूसरे को प्यार करते थे। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि, आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। इस बीच उसकी शादी कहीं और तय हो गई और उसने दूसरी लड़की से शादी करने का फैसला कर लिया।



### 10 मई को निकलने वाली थी बारात

चिरंजीवी वर्मा की 10 मई को बारात निकलने वाली थी। इसी दौरान उसकी गर्लफ्रेंड को उसकी शादी के बारे में पता चल गया। वह सीधे आरोपी की होने वाली दुल्हन के घर गई और आरोपी की सच्चाई बता दी। उसने बताया कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था। झूठा वादा करके वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब होने वाली दुल्हन को यह सच्चाई पता चली तो उसने भी शादी करने से इंकार कर दिया और शादी टूट गई।

### दर्ज कराई एफआईआर

इस बीच आरोपी की गर्लफ्रेंड ने युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। युवती ने बताया कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था और कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### इलाहाबाद, फैजाबाद के बाद अब लखनऊ का बदलेगा नाम? सीएम योगी के ट्वीट से मिले संकेत

**उत्तर प्रदेश (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी लखनऊ का नाम बदलने के अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में सीएम योगी के एक ट्वीट से लखनऊ का नाम बदले जाने की अटकलें लगने लगीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट में लिखा, 'शेषावतार भगवान श्री लक्ष्मण जी की पावन नगरी लखनऊ में आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन...'

आपको बता दें कि सीएम योगी ने यह ट्वीट अमौसी एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए खींची गई फोटो को टैग करते हुए किया है।







## संपादकीय

# आग से बचना होगा

रिकॉर्डतोड़ गरमी में आगजनी का बढ़ा खतरा न केवल चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि दुखी भी कर रहा है। इसी महीने अभी तक देश में अनेक जगहों पर आग लगने से लगभग पचास लोगों की मौत हमें झकझोरने के लिए पर्याप्त है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुंडका अग्निकांड मामले में दिल्ली सरकार को साफ कहा है कि राज्य के अधिकारियों ने पिछले अनुभवों से बहुत कम सीखा है। दिल्ली अभी आग के मामले में देश के सामने एक खराब मिसाल है। बीते शुक्रवार को आग ने 27 लोगों को बचने का मौका नहीं दिया। उस चार मंजिला इमारत में सुरक्षा उपायों की भयानक अनदेखी पाई गई। भवन निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जितनी निंदा की जाए कम है। दिल्ली जैसे घनी आबादी वाले महानगर में अधिकारियों को निर्माण के प्रति बहुत सजग रहना चाहिए और कोई ऐसी रियायत नहीं देनी चाहिए कि हादसे की गुंजाइश बने। अब तो निर्माण ऐसे हो रहे हैं कि मानवाधिकार के हनन की दृष्टि से भी सोचने की जरूरत पड़ रही है। हालांकि, सवाल यह भी पूछा जा सकता है कि शहरों में कठिन जनजीवन के प्रति क्या मानवाधिकार आयोग कभी गंभीर रहा है? छोटी-छोटी असुरक्षित जगहों पर लोगों का रहना क्या मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं है? यदि उल्लंघन है, तो सरकारी एजेंसियां क्या कर रही हैं? बहरहाल, मानवाधिकार आयोग ने नोटिस भेजकर आगजनी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई, दोष निर्धारण, सरकार द्वारा दी गई राहत या पुनर्वास की स्थिति के बारे में उचित ही पूछा है। यह अच्छी बात है कि मानवाधिकार आयोग सक्रिय हुआ है, अब यह भी तय होना चाहिए कि किसी मानव बस्ती में घर कितने बड़े होने चाहिए, गलियां कैसी होनी चाहिए, साफ पानी और हवा की व्यवस्था कैसी होनी चाहिए? बहुत सारे लोगों को गंदगी में रहने के लिए मजबूर करना भी मानवाधिकार का उल्लंघन है। क्या इस संबंध में सरकार कोई नीति बनाएगी और मानवाधिकार के नजरिये से बसाहट के बारे में सोचा जाएगा? यह विषय बहुत व्यापक है, न तो आगजनी का शिकार हुआ मुंडका का भवन योजना के तहत था और न वहां कारखाना चलाने की मंजूरी ली गई थी। दिल्ली ही नहीं, देश के अनेक शहरों में इन दिनों आगजनी से चिंता बढ़ी हुई है। देश में अनेक ऐसे शहर और कस्बे हैं, जहां गलियों में दमकल का पहुंचना असंभव है। फिर भी वहां कारखाने चल रहे हैं। कहीं भी हम अधिकारियों को अवैध निर्माण रोकने के लिए बहुत संघर्ष करते नहीं देखते। दिल्ली के लोग भूले नहीं हैं, जब अनाज मंडी इलाके में साल 2019 में भयानक आग लगी थी और 43 लोगों की जान गई थी। तब जो जांच हुई, उसकी रिपोर्ट सामने नहीं रखी गई। यही होता है, बार-बार अधिकारियों को बचाया जाता है। नतीजा यह कि इसी मई महीने में आधा दर्जन से अधिक आग-जनित हादसे हुए हैं। चंडीगढ़ में गुरु नानक देव अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। 8 मई की रात गाजियाबाद-नोएडा सीमा के पास खोड़ा इलाके में भीषण आग लगी। उससे एक दिन पहले इंदौर के स्वर्णबाग कॉलोनी में एक दो मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हुई। समय आ गया है कि हादसों की आशंका को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि किसी नुकसान से बचा जा सके। अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराना ही चाहिए और जांच रिपोर्ट को सबके सामने रखना चाहिए, ताकि सुधार बाध्यता हो जाए।

> समय आ गया है कि हादसों की आशंका को गंभीरता से लिया जाए और ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि किसी नुकसान से बचा जा सके। अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराना ही चाहिए और जांच रिपोर्ट को सबके सामने रखना चाहिए, ताकि सुधार बाध्यता हो जाए।

## त्रिपुरा में भाजपा की राह मुश्किल

त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम का 25 साल का राज खत्म किया था। यह बहुत बड़ी बात थी। लेकिन पांच साल पूरा होने से पहले ही भाजपा की स्थिति बिगड़ने लगी है। मुख्यमंत्री बिप्लब देब को हटाना इसका एक संकेत है। लेकिन इसके अलावा भी पार्टी की स्थिति कमजोर हुई है। आदिवासियों के बीच पार्टी को लेकर नाराजगी बढ़ी है तो कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए नेता वापस लौटने लगे हैं। राज्य सरकार में मंत्री रहे पूर्व कांग्रेसी नेता भाजपा छोड़ कर चले गए हैं और कांग्रेस में वापस लौट गए हैं। नए चुने गए मुख्यमंत्री का पार्टी के अंदर ही विरोध शुरू हो गया है।

भाजपा की सहयोगी इंडेजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा यानी आईपीएफटी में विभाजन की संभावना दिख रही है। पार्टी ने राज्य सरकार के भू राजस्व मंत्री एनसी देबबर्मा को अधयक्ष चुना है, जिनका पूर्व अध्यक्ष मेवल कुमार जमातिया विरोध कर रहे हैं। आदिवासी मतदाताओं में इस पार्टी का अच्छा खासा असर है। उधर आदिवासियों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक दूसरा संगठन त्रिपुरा इंडिजेनस प्रोग्रेसिव रीजनल एलायंस यानी टिपरा की भी भाजपा से नाराजगी बढ़ी है।

> कुछ दिनों तक कठपुतली रहने के बाद जैसे ही किसी प्रधानमंत्री की स्वतंत्र फैसला लेने की महत्वाकांक्षा अंगड़ाई लेती है, सेना किसी-न-किसी तिकड़म से उसका तख्तापलट देती है। इमरान खान पहले प्रधानमंत्री हैं, जो सांविधानिक तरीके से सत्ता से हटाए गए हैं, भले ही सेना की 'तटस्थता' से यह संभव हुआ है। अब वह सड़कों पर बिफरे घूम रहे हैं और फिलहाल जनता का समर्थन उन्हें मिलता दिख रहा है। अगले साल आम चुनाव होने हैं। देखना है कि इस समर्थन को वह तब तक कितना बचा पाएंगे?

# उन्हें मुसीबत में फिर जिन्ना याद आए

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी

जून 1948 की एक तपती दोपहरी। पाकिस्तान के संस्थापक और बाबा-ए-कौम की हैसियत हासिल कर चुके मोहम्मद अली जिन्ना की आवाज एक ऊंची मेहराबदार इमारत के भव्य गलियारों से छन-छनकर बाहर निकल रही थी और उसमें कुछ ऐसा था कि आज भी छोटे-मोटे अंतराल के बाद किसी खास मौके पर उसकी अनुगूंज सुनाई देती रहती है। यह इमारत थी क्वेटा का स्टाफ कॉलेज, जिसे अंग्रेज हाकिमों ने अविभाजित भारत की फौज के अफसरों के प्रशिक्षण के लिए भव्य गोथिक शैली में बनवाया था। जिस समूह के सामने जिन्ना बोल रहे थे, वह उन सैनिक अधिकारियों का था, जिनके कंधों पर नवजात राष्ट्र की हिफाजत का दायित्व तो था ही, वे यह भी मानते थे कि भविष्य में उसके बने रहने का औचित्य भी उन्हीं को सिद्ध करना है।

जिन्ना इसी दूसरी गलतफहमी को दूर करना चाहते थे। उन्होंने फौजी अफसरों को लगभग डांटने वाले अंदाज में बताया कि उनका काम जनता की चुनी हुई सरकार के हुक्म का पालन करना है, नीतियां बनाना नहीं। जिन्ना ने फौजी अफसरों को उनके द्वारा उठाई गई शपथ का स्मरण कराया, जिसके मुताबिक, किसी राजनीतिक गतिविधि में उनके भाग लेने की मुमानियत है। यह अलग बात है कि जिन्ना की मृत्यु के कुछ ही वर्षों के भीतर फौजी अफसरों ने अपनी शपथ भुला दी और कभी खुलेआम नागरिक सरकारों को बर्खास्त कर मार्शल लॉ लगा दिया, तो कभी ऐसी कमजोर सरकार को सहारा देकर चलाते रहे, जो उनके इशारों पर नाचती रही। इमरान खान की एक ऐसी ही हाइब्रिड सरकार थी, जिसके मंत्रियों को हर दूसरे दिन देश को आश्वस्त करना पड़ता था कि सरकार और फौज एक ही पेज पर हैं।

जिन्ना की क्वेटा में दी गई चेतावनीनुमा सलाह इसलिए उद्धृत की जा रही है कि देश की हर चुनी सरकार के नेता तख्ता-पलट के बाद फौज को इसकी याद दिलाते हैं। फर्क सिर्फ यह आया है कि पिछले दिनों सरकार के गिरने के बाद जब इमरान खान और उनके समर्थकों ने पाक सेना के ऊपर हल्ला बोला, तो सेना के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, यानी डीजी आईएसपीआर ने ही बाकायदा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिन्ना के उपरोक्त भाषण का उल्लेख करके कहा कि उनका संगठन तो एक पेशेवर संस्था है, जिसका काम चुनी हुई नागरिक सरकार के आदेशों का पालन करना मात्र है और इसलिए उन्हें किसी राजनीतिक विवाद में न घसीटा जाए। दिलचस्प यह है कि देश-दुनिया में किसी से छिपा नहीं था कि नवाज शरीफ की पिछली सरकार को सेना के मौजूदा नेतृत्व ने ही तत्कालीन चीफजस्टिस की सक्रिय मदद से स्थापित न्यायिक प्रक्रियाओं की धज्जियां उड़ाते हुए बर्खास्त कराया था। इस तथ्य को न तो इमरान सरकार के बड़बोले मंत्रियों और न ही सेना ने कभी छिपाया। वह तो जब अनुभवहीन और चापलूस सलाहकारों से घिरे इमरान ने देश को आर्थिक बरबादी के कगार तक पहुंचा दिया और आलोचना की आग से सैन्य मुख्यालय के दरवाजे झुलसने लगे, तब जनरलों ने मुंह में ठुसे गरम आलू की तरह उन्हें उगल देने का फैसला किया। एक बार फिर जिन्ना याद आए और डीजी, आईएसआई ने ही पत्रकारों के सामने सेना को राजनीति में भाग न लेने वाली संस्था और देश में सत्ता के लिए चल रही उठापटक में पूरी तरह से तटस्थ घोषित कर दिया। अब बारी थी, इमरान के बौखलाने की। उन्होंने सार्वजनिक सभाओं में ही बयान देना शुरू कर दिया कि तटस्थ तो सिर्फ जानवर हो सकता है। बहरहाल, जिस दिन सेना ने तटस्थ होने की घोषणा की, उसी दिन इमरान सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई और चंद महीनों में ही उसका पतन हो गया।



आज इमरान सड़क पर हैं। उनके खिलाफ विरोधी दलों ने इकट्ठे होकर साझा सरकार बना ली है और गलियों-चौराहों पर शक्ति प्रदर्शन हो रहा है। मजेदार बात है कि सभी को क्वेटा के जिन्ना याद आ रहे हैं। सैन्य मुख्यालय में सबसे ताकतवर नीति-निर्धारक संस्था कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में फौज की राजनीति में भूमिका पर गरमा-गरम बहस हुई और एक आम सहमति बनी कि उसे खुद को इससे दूर ही रखना चाहिए। जनता की याददाश्त कमजोर जरूर होती है, पर इतनी भी नहीं कि यह तथ्य भूल जाए कि हर बार राजनीति में गंद फैलाने के बाद तौबा करने वाली फौज के इस फैसले पर आंख मूंदकर यकीन करने में जोखिम है। राजनीतिज्ञों ने भी अपने-अपने स्वार्थ के अनुरूप इसका भाष्य किया है। इमरान खान के लिए तटस्थता का अर्थ विरोधियों का समर्थन है, तो नवाज शरीफ और आसिफ अली जरदारी पुराने अनुभवों को लेकर सशंकित हैं।

इसे एक बड़े दुर्भाग्य के रूप में लिया जाना चाहिए कि क्वेटा में जिन्ना के भाषण को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया, खुद जिन्ना ने भी नहीं। इस तथ्य से तो सभी वाकिफ हैं कि फौजी नेतृत्व वाली खुफिया एजेंसी आईएसआई की स्थापना जिन्ना ने ही की थी। उसके पहले जासूसी की जिम्मेदारी इंटेलिजेंस ब्यूरो या आईबी पर थी, जो एक नागरिक संगठन था। जिन्ना ने एक फौजी गुप्तचर संस्था बनाकर राजनीतिज्ञों के पीछे उन्हें लगाया। धीरे-धीरे उनके मुंह में खून लगता गया और नतीजा हमारे सामने है।

पाकिस्तानी समाज में एक उक्ति कुछ राजनेताओं के लिए बार-बार दोहराई जाती है कि वे गेट नंबर चार की उपज हैं। इमरान सरकार के गृह मंत्री शेख रशीद तो खुद के लिए ही गर्व से कहते थे कि उनकी उम्र इस गेट से गुजरते बीती है। गेट नंबर चार रावलपिंडी में सेना मुख्यालय का वह प्रवेश द्वार है, जिससे वरिष्ठ सैन्य अधिकारी या उनके मेहमान आते-जाते हैं। पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की हत्या के बाद ज्यादातर बड़े नेता सेना की निर्मिति हैं। इनमें से जुल्फिकार अली भुट्टो, नवाज शरीफ और इमरान खान तो प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। यह और बात है कि कुछ दिनों तक कठपुतली रहने के बाद जैसे ही किसी प्रधानमंत्री की स्वतंत्र फैसला लेने की महत्वाकांक्षा अंगड़ाई लेती है, सेना किसी-न-किसी तिकड़म से उसका तख्तापलट देती है। इमरान खान पहले प्रधानमंत्री हैं, जो सांविधानिक तरीके से सत्ता से हटाए गए हैं, भले ही सेना की 'तटस्थता' से यह संभव हुआ है। अब वह सड़कों पर बिफरे घूम रहे हैं और फिलहाल जनता का समर्थन उन्हें मिलता दिख रहा है। अगले साल आम चुनाव होने हैं। देखना है कि इस समर्थन को वह तब तक कितना बचा पाएंगे?

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# भारतीय किसान यूनियन में फिर टुट से गहराते सवाल

सूर्यकांत द्विवेदी



भारतीय किसान यूनियन की टूट कुछ सवाल खड़े करती है। आखिर किसानों का आंदोलन क्यों परवान नहीं चढ़ता? चढ़ता है, तो फिर क्यों बिखर जाता है? किसानों की दशा और दिशा क्या हो? और सबसे बड़ा सवाल कि सियासत के हाथों क्यों ठगे जाते हैं किसान? भाकियू को समझने के लिए 35 साल पीछे चलते हैं। शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर पर बिजली की मांगों को लेकर आंदोलन हुआ। बिजली आती नहीं थी। बिल नियमित आते थे। किसी ने सोचा नहीं था कि बिजली की समस्या किसान आंदोलन को जन्म दे देगी। खांटी किसान महेंद्र सिंह टिकैत आगे आए और बिजलीघर का घेराव किया। भाकियू का यह पहला आंदोलन था। महेंद्र सिंह टिकैत देशभर के किसानों के नेता बन गए। चौधरी चरण सिंह के बाद वह सर्वमान्य नेता बने। छोटे-बड़े उन्होंने दो दर्जन आंदोलन किए, लेकिन एक भी आंदोलन परवान नहीं चढ़ा। शामली के बाद महेंद्र सिंह टिकैत ने मेरठ कमिश्नरी पर धावा बोला। वहां ऐसा सैलाब था, जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी।

टिकैत ने एलान कर दिया था कि मंच पर कोई राजनेता नहीं चढ़ेगा। देश ने वह दौर देखा कि संभ्रांत लोगों ने महेंद्र सिंह टिकैत के चरण पखारे और उनकी आरती उतारी। राजनीतिक दलों के लिए यह किसान आंदोलन सियासी झटका था। कहा जाता है कि देवीलाल किसी तरह महेंद्र सिंह टिकैत से नजदीकी पाने में कामयाब हो गए। यहीं से किसान आंदोलन बिखरने लगा। फिर भी टिकैत के नेतृत्व में भाकियू का सिक्का 1995 तक खूब चलता रहा। फिर वह दौर आया, जब सियासत ने अराजनीतिक भाकियू को भी राजनीति का चस्का लगा दिया। टिकैत ने दो विंग बनाए थे। एक राजनीतिक और दूसरा अराजनीतिक। रालोद मुखिया रहे चौधरी अजित सिंह को समर्थन दिया और उनके साथ मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। टिकैत दूरदर्शी थे। उनको एहसास हो गया कि किसान और राजनीति, दोनों अलग-अलग चीजें हैं। उन्होंने भाकियू को अराजनीतिक ही रहने दिया, लेकिन पहले जैसी बात नहीं बनी।

अब मौजूदा स्थिति पर आते हैं। गाजीपुर में एक साल तक किसान आंदोलन चला। अपनी वाक्पटुता की वजह से भाकियू के राकेश टिकैत छा तो गए, लेकिन खुद उनके अपने ही संगठन में मतभेद पैदा हो गए। तब भी कहा जा रहा था कि टिकैत पंजाब के मुद्दे उठा रहे हैं और उत्तर प्रदेश को भूल रहे हैं। टिकैत एक ही बात पर अड़े थे कि सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस ले। जबकि किसान चाहते थे कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात आगे बढ़े। प्रधानमंत्री मोदी ने एक दिन मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी। किसान आंदोलन चला रहे नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं रहा। दूसरा झटका उस वक्त लगा, जब भाकियू यूपी चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन के लिए सियासी जमीन तैयार नहीं कर पाई। भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सिर्फ आठ सीटों पर फर्क पड़ा।

यूपी के सियासी रण का सर्वाधिक असर भाकियू पर पड़ा। चुनाव में आंदोलन का गणित नहीं चला। चुनाव और किसान आंदोलन को लेकर खापों के बीच मतांतर रहे। यूपी में फिर भाजपा सरकार बनने के बाद तो मतांतर इस हद तक हुए कि भाकियू में सबसे बड़ा विभाजन हो गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक का गठन हुआ और गठवाला खाप के चौधरी राजेंद्र सिंह इसके मुखिया बने। राकेश टिकैत के साथी रहे धर्मेंद्र मलिक भी इस विभाजन के केंद्र में रहे। भाकियू के अभी तक 11 विभाजन हो चुके हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर यह पहली बड़ी टूट है।

इन सबके पीछे तमाम सवाल हैं। क्या किसान नेताओं को राजनीति का मोहरा बनना चाहिए? जब बात किसान हितों की होती हो, वहां क्या सियासी फायदों के लिए जमीन तलाशनी चाहिए? जवाब न में होगा। लेकिन तमाम पुराने और नए आंदोलन के मद्देनजर यह बात कही जा सकती है कि किसान कभी अपने नेताओं, तो कभी सियासत के हाथों ठगा जाता रहा है। उसकी दशा और दिशा क्या हो, यह कौन तय करेगा?

किसान के नजरिए से देखें, तो दो महत्वपूर्ण बातें साफतौर पर नजर आती हैं। एक साल तक चले किसान आंदोलन के दौरान रिकॉर्ड उत्पादन हुआ, यानी किसानों ने कृषि कानून से ज्यादा अपने खेतों को महत्व दिया। दूसरा पहलू, आंदोलन में किसानों के बहुत से मुद्दे गौण रहे। इसमें खेतिहर किसान, लघु-मध्यम किसान, कृषि ऋण, कृषि बाजार, कृषि विपणन, कृषि की दशा और दिशा, किसानों के आर्थिक मामले आदि शामिल हैं। समय पर यदि सही फैसले न हों, तो भारी पड़ जाते हैं। यही भाकियू के साथ हुआ। दुखद पहलू यह है कि ऐसा विशाल संगठन लगातार टूटन का शिकार होता जा रहा है। क्या किसान नेता कभी एकजुट हो सकेंगे?

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



मेरी आस्था
विश्वास भगवन
तुम हो टुटे न
हिम्मत मेरी ऐसा
वरदान दे दो।
-अंजली जैन
7024460938

# अग्निकांडों से बचाव की तरकीब

वेद प्रताप वैदिक

पिछले चार साल में दिल्ली में आगजनी की भयंकर घटनाएं हुई हैं। लेकिन न तो जनता ने कोई सबक सीखा और न ही सरकारों ने कोई मुस्तैदी दिखाई। इसीलिए दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में जबर्दस्त लोमहर्षक अग्निकांड हो गया है। एक चार मंजिला भवन में कुछ कंपनियों के दफ्तर चल रहे थे। वहां न तो कोई कारखाना था और न ही कोई भट्टी या चूल्हा था। शायद बिजली की खराबी से आग लगी। लगभग 30 लाशें तो कल ही मिल गई थीं और 30 से भी ज्यादा लोग अभी तक लापता हैं।

जो लाशें मिली हैं, वे इस बुरी तरह जल गई हैं कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल है। कई लोग खिड़कियों से कूदे तो उनके हाथ पावं टूट गए, कुछ लोग अपने अधजले शरीरों के साथ बाहर भागे और कुछ लोग उस भवन से इसलिए बाहर नहीं भाग पाए कि नीचे उतरने के लिए सिर्फ एक ही संकरी सीढ़ी थी। उस सीढ़ी पर भयंकर धकापेल थी और धुएं व आग ने उन्हें बिल्कुल बेकार बना दिया था। दिल्ली और केंद्र की सरकार ने हताहतों को काफी मुआवजे की घोषणा कर दी है लेकिन क्या किसी की जान को रूपयों से तोला जा सकता है? दिल्ली में ही नहीं, देश के हर शहर में आजकल ऊँचे-ऊँचे भवनों का निर्माण हो रहा है। हर ऊँचा भवन खतरे की घंटी बजाता रहता है। उसमें कभी भी आग लग सकती है और उसका कारण कुछ भी हो सकता है। सरकारों ने ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कानून-कायदे जरुर बनाए हैं लेकिन उन्हें लागू करने में सर्वत्र ढिलाई देखी जाती है। भवन-निर्माता लोग सुरक्षा प्रमाण-पत्र आसानी से हथिया लेते हैं। जब आग लग जाती है, तब मालूम पड़ता है कि वह सुरक्षा पत्र उन्हें रिश्वत के बदले मिला है।

अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी अफसरों और कर्मचारियों को इस तरह के अग्निकांड होने पर जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाता? जब-जब इस तरह के अग्निकांड होते हैं तो हमारी फायर ब्रिगेड के कर्मचारी अपनी जान पर खेलकर नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। उनकी बहादुरी सराहनीय है। इसी प्रकार आस-पास रहनेवाले नागरिक भी अग्निपीड़ितों को बचाने की भरपूर कोशिश करते हैं। वे सीढ़ियां लगा देते हैं, ऊपर से कूदनेवालों के लिए नीचे तिरपाल थामे रहते हैं, जलते हुए भवन में अंदर घुसकर हताहतों को बाहर निकाल लाते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक किसी सरकारी या गैर-सरकारी संगठन ने अग्निकांड से बचाव का ऐसा इंतजाम नहीं खोजा है कि जिससे सैकड़ों लोगों की जान तुरंत बचाई जा सके।

मध्यप्रदेश में सतना के एक युवा अजयपाल सिंह ने आज ही मुझे एक ऐसी यांत्रिक तरकीब से परिचित करवाया, जिससे सैकड़ों लोग की जान मिनिटों में बच सकती है, चाहे वे 50 मंजिले भवन की आग में ही क्यों न फंसे हो। यदि हमारे व्यापार और उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल कुछ पहल करें तो इस विभीषिका से वे भारत को ही नहीं, संसार के सभी देशों को बचा सकते हैं। इस यांत्रिक तरकीब से, जो मंहगी भी नहीं है, भारत चाहे करोड़ों-अरबों डॉलर भी कमा सकता है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### दुर्ग आइडल आयोजित करने महापौर ने दिया आश्वासन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने महापौर धीरज बाकलीवाल को ज्ञापन सौंपकर दुर्ग में गायन स्पर्धा दुर्ग आईडल को पुन:प्रारंभ करवाने की मांग की है। उक्त मांग पर सहमति जताते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल ने दुर्ग आईडल आयोजित करवाने का आश्वासन दीया। ज्ञात हो की 28 सितंबर 2021 को छत्तीसगढ़ मंच द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम सुनहरी यादें में महापौर धीरज बाकलीवाल ने मंच की मांग पर शहर में दुर्ग आइडल आयोजित करवाने की घोषणा की थी। नगर निगम दुर्ग द्वारा आयोजित किए जाने वाले उक्त आयोजन का शहर के गायक कलाकारों,संगीत प्रेमियो एवं शहरवासियो को बेसब्री से इन्तजार रहता है। कोरोना काल के चलते दुर्ग आइडल लगभग 3 वर्षों से बंद है वर्तमान में कोरोना की स्थिति सामान्य होने पर इसकी मांग की गई है। महापौर द्वारा दुर्ग आइडल आयोजित करने दिए गए आश्वासन पर छत्तीसगढ़ मंच के दिनेश जैन, तुलसी सोनी,संजय खंडेलवाल, संगीत प्रेमी एवं शहर वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए महापौर के प्रति आभार जताया है।

### मितान बने विधायक रेखचन्द स्वयं पंहुचे लाभार्थी के घर

**जगदलपुर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत 04 दिन पहले धरमपुरा निवासी देवचरण मांझी ने अपने विवाह प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन किया था। आवेदन के 04 दिन के अंदर ही विधायक रेखचन्द जैन ने उनके घर का दरवाजा खट-खटाकर दरवाजा खुलवाया और उन्हें उनके विवाह का प्रमाण पत्र सौंपा। इसी तरह गुमास्ता प्रमाण पत्र उन्होंने अनुपम चौक निवासी मुकेश कुमार साहू को उनके दुकान पर स्वयं पंहुचकर मितान की भूमिका अदा किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आम नागरिकों को घर पहुंच सेवा देने की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मितान योजना के अनुरूप नागरिकों को सेवा देने आज विधायक के साथ नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कविता साहू भी आवेदकों की सेवा करने आज मितान बनकर नागरिकों के घर पंहुचकर प्रमाण पत्र का वितरण किया।

# पत्रकार लेखन में ही नहीं सेवा में भी आगे हैं : महापौर हेमा देशमुख

## मुख्यमंत्री ने किचन एवं अन्य निर्माण के लिए प्रेस क्लब को 20 लाख रूपए की राशि प्रदान की

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने प्रेस क्लब में किचन कक्ष एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह एवं जिला पंचायत सीईओलोकेश चंद्राकर उपस्थित थे।




महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किचन एवं अन्य निर्माण के लिए प्रेस क्लब को 20 लाख रूपए की राशि प्रदान की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। राजनांदगांव जिले की खुबसूरती यहां की लेखनी से है। प्रेस के सहयोग से जिले की बहुत सी अच्छी बातें निकलकर सामने आती है। यहां का प्रेस क्लब बहुत अच्छा बना है। उन्होंने कहा कि यहां के पत्रकार लेखन में ही नहीं सेवा में भी आगे हैं। कोरोना काल में मरीजों को खाना पहुंचाने से लेकर रात भर जागकर सेवा करने में भी प्रेस क्लब के सदस्य जुटे रहे और अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सभी को साथ मिलकर शहर को विकास की ओर ले जाना है।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक आलोचना प्रजातंत्र का आधार है और कमियों को दिखाने का आईना है। यह आवश्यक है कि सभी पक्षों की बात सामने रखी जाए। समाज के विकास में सभी का सहयोग अपेक्षित होता है और उसी के अनुसार विकास की कल्पनाएं साकार होती हैं। निश्चित ही इसका निर्वहन राजनांदगांव जिले के पत्रकार अपनी लेखनी से कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि यहां का प्रेस हमेशा से सहयोगी रहा है और दिल से सभी का सकारात्मक सहयोग मिला है। समाज के विकास के लिए राजनीतिक, प्रशासनिक सभी का पारदर्शी और ईमानदार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसा कहीं प्रेस क्लब भवन नहीं है। यहां का प्रेस क्लब व्यवस्थित है। पत्रकार साथियों की मजबूती और उनकी भागीदारी इससे प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब विकास के नए आयाम प्राप्त करेगा। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि शीघ्र ही प्रेस क्लब के सदस्यों को आवासीय कालोनी के लिए जमीन भी मिल जाये।

पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह ने कहा कि राजनांदगांव का प्रेस क्लब शानदार है और शहर के धरोहर के रूप इसकी में पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है। यह जरूरी है कि इसे मजबूती दी जाए। सर्व सुविधायुक्त प्रेस क्लब यहां है, यह बहुत अच्छी बात है। जिला पंचायत सीईओ श्री लोकेश चंद्राकर ने कहा कि आज सभी का बहुप्रतीक्षित सपना पूरा होने जा रहा है। सब ने मिलकर इस दिशा में पहला कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब की ऐसी अधोसंरचना कभी नहीं देखी। इसमें आप सभी की मेहनत लगी है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि ने कहा कि 20 लाख रूपए की लागत से किचन एवं अन्य निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब की आवासीय कालोनी के लिए 10 एकड़ जमीन की तत्काल स्वीकृति दी।

# मजबूत इरादों से मूकबधिर एवन्ती ने लिखी अपनी तकदीर सिलाई सीख कर तय की स्वावलम्बन की नई राह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कुछ लोग अपने मजबूत इरादों से अपनी तकदीर लिखते हैं। ऐसे लोगों में से एक कोण्डागांव के मर्दापाल के निकट बसे नक्सलप्रभावित गांव बादालूर की दिव्यांग एवन्ती विश्वकर्मा भी हैं। बोलने और सुनने में असमर्थ एवंती ने अपनी मेहनत से अपने स्वावलंबन की राह तय की है। अब वह सिलाई सीख कर अपने पैरो पर खड़ी हो गई हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित गारमेंट फैक्टरी में काम कर उसने अपनी दिव्यांगता को भी मात दे दी है।



एवन्ती के पिता श्री मंगू विश्वकर्मा बताते हैं कि 20 वर्षीय एवन्ती बचपन से ही सुन-बोल नहीं पाती है, इसके कारण उसकी शिक्षा बहुत कठिन हो गई थी। एवन्ती ने अपनी शारीरिक कमी को कभी खुद पर हावी होने नहीं दिया। वह हमेशा खुश रहा करती थी। एवन्ती की आंखों में हमेशा अपने पैरों पर खड़े होने का सपना रहता था। एवन्ती ने दसवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अपने परिजनों एवं शिक्षकों से आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने एवन्ती को कलेक्टर जनदर्शन में जाकर रोजगार के लिए निवेदन करने की सलाह दी। एवन्ती के अक्टूबर 2021 में आवेदन करने पर कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा को उसे गारमेंट फैक्ट्री में कार्य करवाने के निर्देश दिये। श्री पुनेश्वर वर्मा ने बताया कि गारमेंट फैक्ट्री खुलते ही एवन्ती से सम्पर्क कर उसे क्वालिटी टेस्टिंग के साथ स्टीचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे बड़ी समस्या एवन्ती के सुनने एवं बोलने की दिक्कत के कारण थी। ऐसे में फैक्ट्री की अन्य लड़कियों और ट्रेनरों का उसे पूरा सहयोग किया। वह रोज सुबह घर का काम कर फैक्ट्री जाया करती हैं। धीरे-धीरे वह अपने काम में प्रवीण होती गई। जिला प्रशासन द्वारा आजीविका कॉलेज के छात्रावास में उसके नि:शुल्क रहने का प्रबंध किया जा रहा है। एवन्ती के परिजनों ने कहा एवन्ती को अपने पैरों पर खड़ा देख के उन्हें फक्र महसूस होता है। वे उसकी हौसला अफ्जाई जरूर करते रहते हैं। दिक्कतों के बाद भी एवन्ती हमेशा मुस्कुराते रहती हैं। एवन्ती को काम करते देखकर भविष्य में 30 से 40 दिव्यांग बालिकाओं, 30 विधवा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रशिक्षण देकर फैक्ट्री में काम देने की पहल की जा रही हैं। वर्तमान में 150 से अधिक लड़कियां फैक्ट्री में कार्य कर रहीं हैं। उनके द्वारा विख्यात कम्पनी डिक्सी स्कॉट के कपड़ों का निर्माण किया जा रहा है।

# हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ो को काटने के विरोध में मंच का प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राजस्थान के बिजली कंपनी को कोयला देने के नाम पर प्रदेश की बघेल सरकार और केंद्र में मोदी सरकार ने मिलकर सरगुजा के हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा केते कोयला खदान को उत्खनन के लिये अडानी की कंपनी को आबंटित कर दिया है। जिसका गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित अनेक संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ों की कटाई के विरोध में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच ने दुर्ग में गांधी जी की मूर्ति के पास प्रदर्शन किया और मोदी सरकार तथा बघेल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। अडानी अंबानी कार्पोरेट के खिलाफ भी भड़ास निकाली। प्रदर्शन में शामिल मंच के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लाखों पेड़ काटकर राजस्थान को उर्जा देने के लिये छत्तीसगढ़ियों का प्राणवायु छीनकर दम घोंट रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नाम लेकर अडानी अंबानी को कोसते रहते हैं लेकिन हसदेव अरण्य का कोल ब्लाक अडानी को आबंटित करने के मामले में खामोश हैं। मंच के अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण में कुछ पेड़ काटे जाने पर हायतौबा मचाने वाली प्रदेश की विपक्षी पार्टी हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ काटे जाने पर सिर्फइसलिये खामोश है।

# जीएसटी भारत में औपनिवेशिक कर प्रणाली बन गई है - कैट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जीएसटी कर प्रणाली की वर्तमान व्यवस्था पर बड़ा तंज कसते हुए कहा की यह अब एक औपनिवेशिक कर प्रणाली बन गई है।

जो जीएसटी के मूल घोषित उद्देश्य गुड एंड सिंपल टैक्स के ठीक विपरीत है। वर्तमान जीएसटी कर प्रणाली भारत में हो रहे व्यापार की जमीनी हकीकत से काफी हद तक दूर है। जीएसटी के तहत 1100 से अधिक संशोधनों और नियमों की शुरूआत ने कर प्रणाली को बेहद जटिल बना दिया है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इज़् ऑफ डूइंग बिज़्नेस की मूल धारणा के बिलकुल खिलाफहै। यह कहते हुए कैट ने आज सूरत में सधर्न गुजरात चेम्बर ऑफ़ कामर्स द्वारा आयोजित एक व्यापारी सम्मेलन तथा सूरत टैक्स बार एसोसियेशन्स द्वारा वकीलों की एक मीटिंग को संबोधित करते हुए माँग की कि जीएसटी कर ढाँचे की नए सिरे से समीक्षा कर उसे सरल बनाया जाए ।

कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने पिछले 4 वर्षों से अधिकारियों द्वारा जीएसटी के वर्तमान स्वरुप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की भारत में जीएसटी लागू होने के लगभग 4 साल बाद भी जीएसटी पोर्टल अभी भी कई चुनौतियों से जूझ रहा है। नियमों में संशोधन किया गया है लेकिन पोर्टल उक्त संशोधनों के साथ समय पर अद्यतन करने में विफल है। अभी तक किसी भी राष्ट्रीय अपीलीय न्यायाधिकरण का गठन नहीं किया गया है। वन नेशन-वन टैक्स के मूल सिद्धांतों को विकृत करने के लिए राज्यों को अपने तरीके से कानून की व्याख्या करने के लिए राज्यों को खुला हाथ दिया गया है। कोई केंद्रीय अग्रिम शासक प्राधिकरण का गठन नहीं किया गया है।

जीएसटी अधिकारी ई सिस्टम के द्वारा कर पालना तो कराना चाहते हैं किन्तु देश में व्यापारियों के बड़े हिस्से को अपने मौजूदा व्यवसाय में कम्प्यूटरीकरण को अपनाना बाकी है, इस पर उन्होंने कभी नहीं सोचा और व्यापारियों आदि को कंप्यूटर आदि से लैस करने के विषय में कोई एक कदम भी नहीं उठाया गया है।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि हाल ही में एक जीएसटी में एक नियम लागू करके जीएसटी अधिकारियों को किसी भी व्यापारी के जीएसटी पंजीकरण को रद्द करने का मनमाना अधिकार दे दिया है जिसमें व्यापारियों को कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा और सुनवाई का कोई अवसर भी नहीं दिया जाएगा । यह न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के बिलकुल विरूद्ध है । अधिकारियों को मनमाने बेलगाम अधिकार दिए जा रहे हैं जिससे निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी कानून को बेहद विकृत किया गया है, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि 31 दिसंबर, 2020 तक जीएसटी लागू होने की तारीख के बाद से कुल 927 अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, 2017 में 298, 2018 में 256, 2019 में 239 और 2020 में 137 सूचनाएं। ऐसी स्थिति में हम व्यापारियों से कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे कराधान प्रणाली का समय पर अनुपालन करें।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि वे वित्त मंत्री के साथ बातचीत के जरिए इन मुद्दों को हल करना चाहते हैं। हम कर आधार को विस्तृत करने, राजस्व में वृद्धि करने में सरकार का साथ देने चाहते हैं किन्तु कर ढांचे के सरलीकरण और युक्तिकरण को करना पहले जरूरी है।

# खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन फीता काटकर किया। मैनपाट विकासखंड के ग्राम पंचायत रोपाखर में वन विभाग द्वारा करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। खाद्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियां सहित पार्क का अवलोकन किया और पौधे भी रोपे।




खाद्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने की कड़ी में बायोडायवर्सिटी पार्क भी जुड़ गया है। हमारी सरकार पर्यटन और सांस्कृति के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस पार्क में पर्यटकों को प्रकृति के विविध रूप देखने को मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क को शासन की मंशानुरूप विकसित करें। पर्यटकों की सुविधा का भी ध्यान रखे।

अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत रोपाखार में वन विभाग द्वारा 1 करोड़ की लागत से 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित की जा रही है। 1-1 हेक्टेयर क्षेत्र में कैक्टस एवं बैम्बू पौधे तथा करीब 2 हेक्टेयर में औषधि पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही यहां निरीक्षण पथ, गार्ड क्वार्टर्स सहित अन्य निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। पार्क में विद्युत की व्यवस्था भी होगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल बिहारी यादव, मुख्य वन संरक्षक अनुराग श्रीवास्तव, डीएफओ पंकज कमल, गणेश सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians
समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।
- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।
We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.
Pradeep Kumar Satpaty



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65






Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372



MATTRESSWALA
We cut costs, not sleep





हॉस्टल गद्दा Start From ₹ 349/-
कॉटन गद्दा Start From ₹ 399/-
फोम गद्दा Start From ₹ 1599/-
बीन बैग Start From ₹ 799/-
तकिया Start From ₹ 119/-
चादर, कवर
Same Day Free Delivery In Raipur
Or 79879-18262
Order Online :- www.mattresswala.co.in
SANJAY RUI BHANDAR
Main Road Pandri, Raipur : 7987081626




## खास खबर



### टेनिस खिलाड़ियों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की टेनिस अकादमी और स्टेडियम की सौगात

**रायपुर ( ए )।** टेनिस खिलाड़ियों को जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की टेनिस अकादमी और स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय लाभांडी के पास दो एकड़ में अकादमी बन रही है। 50 फीसद काम पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य की जायजा लेने ऑल इंडिया टेनिस संघ के महासचिव अनिल धुप्पर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरूचरण सिंह होरा के साथ पहुंचे।दोनों पदाधिकारियों टेनिस संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अवतार सिंह जुनेजा, सचिव रूपेंद्र सिंह चौहान, सुशील बलानी, राम अवतार अग्रवाल, प्रवेश जोशी ऋषि बंसोर के साथ ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अतुल शुक्ला ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान खेल युवा कल्याण विभाग उपसंचालक प्रणव सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान अनिल धुप्पर ने एकेडमी के निर्माण कार्य को लेकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने प्रदेश टेनिस संघ के महासचिव होरा के कार्यों की जमकर सराहना की। महासचिव होरा ने भी राष्ट्रीय टेनिस संघ महासचिव अनिल धुप्पर से टेनिस एकेडमी के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए टेनिस संघ अध्यक्ष और प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल का इस एकेडमी के निर्माण के लिए आभार जताया। गौरतलब है की राज्य सरकार ने बजट में सेट अप और उपकरण के लिए एक करोड़ 70 लाख का प्रविधान किया है। अकादमी 17 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा। टेनिस स्टेडियम में एडमिन बिल्डिंग, हास्टल बिल्डिंग और टेनिस कोर्ट तैयार किया जा रहा है।

भूतल में वेटिंग रूम, रिसेप्शन, दो चेंजिंग रूम, दो हाल, पार्किंग एरिया, प्रथम तल में जिम, डाइनिंग एरिया, वेटिंग एरिया और द्वितीय तल में वीआइपी लाज के साथ 3500 दशकों के बैठने की क्षमता होगी। 17 कमरे का हास्टल होगा। यहां खिलाड़ियों के रहने की भी व्यवस्था होगी। सात कोर्ट बनेंगे। इसमें एक सेंटर कोर्ट होगा। दर्शक दीर्घा क्षमता 5000 लोगों की।

### बर्फीले तूफान के चलते फ्लाइट कैंसिल, सभापति प्रमोद दुबे सहित निगम के 15 अधिकारी लेह में फंसे

**रायपुर ( ए )।** नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे सहित के 15 अधिकारी बर्फीले तूफान के चलते आज लेह विमानतल में फंस गए हैं। उनकी निर्धारित फ्लाइट बर्फीले तूफान के आने के कारण से लेह विमानतल से उड़ान नहीं भर पाई। लगभग एक सप्ताह से रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे एवं 15 निगम अधिकारीगण लेह लद्दाख की यात्रा पर हैं। आज उनकी दिल्ली के लिए निर्धारित फ्लाइट थी। सभापति प्रमोद दुबे एवं 15 निगम अधिकारी दिल्ली के लिए विमान पकड़ने लेह विमानतल में पहुंचे, लेकिन बर्फीले तूफान के चलते लेह से आज कोई भी विमान उड़ान नहीं भर पाया एवं फ्लाइट कैंसिल हो गई।

सभापति प्रमोद दुबे ने बताया कि अब कल की निर्धारित फ्लाइट से वे एवं रायपुर नगर निगम के 15 अधिकारीगण लेह विमानतल से नईदिल्ली के लिए विमान से होकर रायपुर लौटने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में उनकी एवं निगम अधिकारियों की लेह विमानतल पर उनके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा चल रही है। उन सभी को विश्वास है कि लेह में मौसम सुधरेगा, बर्फीला तूफान थमेगा। इसके बाद अधिकारी कल वाया नई दिल्ली रायपुर शहर वापस लौटेंगे। वे सभी अभी लेह एयरपोर्ट पर हैं एवं बर्फीले तूफान के थमने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यानः ताम्रध्वज साहू

### लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने के लोक निर्माण मंत्री ने दिए निर्देश

### लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक एवं गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक एवं गुणवता परीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मंत्री श्री साहू ने अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को कार्यों का गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालें अभियंताओं को मंत्री श्री साहू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, चिंतामणि महाराज, लोकनिर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड के एम.डी हिमशिखर गुप्ता एवं प्रमुख अभियंता विजय भत्तपहरी मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभागार मे मौजूद समस्त अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर विभाग को निर्माण कार्यों के लिए समुचित बजट दिया गया है। इसी वजह से पिछले तीन सालों में विभाग के समस्त निर्माण कार्य निरंतर गति से हो रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल के दौरान विभागीय कर्मचारियों के द्वारा अस्पताल व गैस पाइप लाइन सहित अधोसंरचना निर्माण कार्य तेजी से किए जाने के लिए तारीफ की और कहा कि इस दौरान कई कर्मचारी संक्रमित भी हुए लेकिन कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मंत्री श्री साहू ने आगे कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राशि का पूरा सदुपयोग होना चाहिए, जितना काम उतनी ही राशि का प्राक्कलन बनाए। अपने क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण काम है उसे प्रमुखता के साथ करें। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि प्राक्कलन इस तरह से बनाए कि रिवाइज प्राकल्लन बनाने से स्थिति निर्मित ना हो। इसके साथ ही उन्होंने भवन निर्माण कार्य को समय पर हैंडओवर करने, टर्निंग पाइंट व ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उस पर त्वरित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री साहू ने स्वीकृत कामों को बरसात के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित ना हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्री साहू ने भू-अर्जन प्रकरण, झाड़कटाई की अनुमति मिलने आदि कामों जिससे कार्यो में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है उस पर राजस्व अधिकारियों एवं सबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर काम करने के निर्देश दिए। मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को समय सीमा के साथ ही गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय एवं चिंतामणि महाराज ने भी अपने विचार रखे। सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं प्रमुख अभियंता भत्तपहरी ने अभियंताओं को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में मंत्री ताम्रध्वज साहू ने उमेश पटेल उपअभियंता रायगढ़, मंजू पटेल उपअभियंता रायगढ़, राजीव नशीने कार्यपालन अभियंता, राजेश बघेल उपअभियंता जगदलपुर, सुधीर बघेल उपअभियंता जगदलपुर, आरके वर्मा अनुविभागीय अधिकारी जगदलपुर, आरके गुरू कार्यपालन अभियंता जगदलपुर, सियाराम दुग्गे उपअभियंता सेतु संभाग जगदलपुर, करण संगरीला अनुविभागीय अधिकारी सेतु अनुविभाग जगदलपुर, आरएम शेख कार्यपालन अभियंता सेतु संभाग जगदलपुर, नवीन वर्मा उपअभियंता पाटन, आरके शुक्ला अनुविभागीय अधिकारी पाटन, सी एस ओगरे अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, शत्रुघन देवांगन उपअभियंता खैरागढ़, संजय देवांगन अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ एवं अरविंद चौहान कार्यपालन अभियंता खैरागढ़ को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## समर कैंप में ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने कहा, माता-पिता का जीवन बच्चों के लिए प्रेरणादायी होना चाहिए

**रायपुर ( ए )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैंप का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, एडीशनल कलेक्टर उज्जवल पोरवाल और क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता ने समर कैंप के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है। इस समय उनके अंदर लचीलापन होता है। सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का निर्माण और जीवन को दिशा देने का काम इसी अवधि में हो सकता है। हम जैसा बनना चाहें वैसा अपने को बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया में बच्चे अपना कीमती समय नष्ट कर रहे हैं। अभिभावक और शिक्षक चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसमें बच्चों में रचनात्मकता दिखाई देती है।

एडीशनल कलेक्टर उज्जवल पोरवाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के चारित्रिक विकास में समर कैंप मददगार बनेगा। उन्हें एकाग्रता विकसित करने में राजयोग साधना सहायक सिद्ध होगा। योग हमें कर्म कुशल बनाता है। यह प्रतिस्पर्धा का जमाना है इसमें सिर्फ सफलता ही नहीं बल्कि असफलता को भी सहन करने की क्षमता हमारे अंदर होनी चाहिए। दुनिया में हर समस्या का समाधान है इसलिए कभी निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम बार-बार आयोजित करने की जरूरत बतलाई।

क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बच्चों को सबसे ज्यादा प्रेरणा माता-पिता से मिलती है। उनको देखकर वह वैसा ही बनने का प्रयास करते हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर उन्होंने यह सीखा कि जो कर्म मैं करूंगी मुझे देखकर अन्य लोग करेंगे। इससे उन्हें अपने कर्मों पर बहुत अटेंशन बना रहता है। उन्होंने समारोह में उपस्थित माता-पिता से अनुरोध किया कि अपना समय टीवी और मोबाइल में व्यर्थ नष्ट करने की बजाय बच्चों के संग बांटें ताकि बच्चों को प्यार मिले और अपनापन पैदा हो। समारोह को ब्रह्माकुमारी स्मृति दीदी ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर कुछ बच्चों ने भी अपने संस्मरण सुनाए। नीलम साहू ने बताया कि वह तीसरी कक्षा में थी तब से ब्रह्माकुमारीज के समर कैंप में भाग ले रही है। राजयोग साधना से उसने एकाग्रता हासिल की। फलस्वरूप इस वर्ष दसवीं बोर्ड में उसने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की कामयाबी

## स्कूल, अस्पताल में इस्तेमाल के सामान ग्रामीण औद्योगिक पार्क में बनेंगे

**रायपुर (ए)।** रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (ग्रामीण औद्योगिक पार्क) में बने सामान अब सरकार खरीदेगी। राज्य शासन जिला स्तर पर खरीदी का प्लान करते हुए ऐसे सामान की सूची बना रहा है, जिसे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बनाकर यहीं से खरीदा जा सकता है। यह सामान वही होगा, जिसे विभागीय बजट या डीएमएफफंड से खरीदा जाता है।



सरकार की कोशिश है कि सरकारी अस्पतालों और सरकारी स्कूलों में इस्तेमाल सामान ऐसे ही ग्रामीण औद्योगिक पार्क में बनाया जाए, ताकि वहीं इसकी खरीदी हो सके। इसके दो उद्देश्य हैं। पहला, सरकार की इन योजनाओं को कामयाब किया जाए। दूसरा, ग्रामीण इलाकों में युवा किसानों को ऐसे उद्योग या स्टार्टअप खोलने में मदद कर उद्यमी बनाया जा सके।

रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, सी- मार्ट और गोठान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सरकार की फ्लैगशिप योजना में शामिल गोठान और रूरल इंडस्ट्रियल पार्कों को प्रोडक्शन सेंटर बनाने की योजना है ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और ग्रामीण आबादी आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। सरकार इस प्लान के ने गौठानों, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के साथ ही सी- मार्ट को भी सफल बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया है।

इसके तहत रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में ऐसे सामान बनाए जाएंगे, जिनकी सरकारी खरीदी की जा सके। साथ ही इन सामानों को खुले बाजार यानी सी- मार्ट के जरिए भी बेचा जा सके। बता दें कि सी- मार्ट में बेचा जाने वाला सामान स्व सहायता समूह की मदद से बनवाया जा रहा है। आम लोगों के दैनिक उपयोग का सामान भी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बनाने की तैयारी है, ताकि सरकारी खरीदी के बाद जो भी बचे उसे खुले बाजारों में उतारा जा सके।

### गोठानों को बनाएंगे अर्थव्यवस्था का केंद्र

सरकार रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में गोठानों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाना चाहती है। जहां स्थानीय स्तर पर कलेक्शन, प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था की जा सके। सरकार की योजना युवा किसानों को उद्यमी बनाने की है। इसके तहत गांवों के ही पढ़े- लिखे युवाओं को प्रशिक्षित करके उनको स्वावलंबी बनाना है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को फिलहाल कुर्सी- टेबल, चादर, मच्छरदानी, तकिया और टाट पट्टी जैसे सामानों की लिस्ट भेजी है। साथ ही कहा है कि वे ऐसे ही अन्य सामानों की सूची तैयार करें, जिसे वे विभागीय बजट या डीएमफ फंड से खरीदते रहे हैं।

कलेक्टरों को इन सामानों को जल्द से जल्द चिन्हांकित करने के लिए कहा गया है। खादी और ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है। उन्होंने कलेक्टरों को तत्काल चिन्हांकित सामानों का उत्पादन रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में शुरू करने के लिए कहा है। प्रमुख सचिव ने जिले की जरूरत के अनुसार वस्तुओं का उत्पादन इन पार्कों में करने का सुझाव दिया है। साथ ही इंडस्ट्रियल पार्क के संबंध में एक्शन प्लान बनाने के लिए भी कहा है।

## चौतरफा विरोध के बाद शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर जारी सेटअप निरस्त 50 फीसद स्कूलों को मिलेगी राहत

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2008 से पुराने सेटअप पर ही स्कूलों में शिक्षकों को नियुक्त किया जा रहा है। कुछ दिन पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने पदों में कटौती को लेकर सेटअप का नया प्रारूप जारी किया था। इसे लेकर चौतरफा विरोध शुरू हो गया था। आनन-फानन में इस सेटअप को शिक्षा विभाग ने निरस्त कर दिया। ऐसे में प्रदेश के 56 हजार स्कूलों में से 50 फीसद स्कूलों के शिक्षकों की पदस्थापना पर लटक रही तलवार हट चुकी है। वहीं इसके बाद प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के पदों को बढ़ाने की मांग उठने लगी है।



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने इसके लिए एक आदर्श प्रारूप दिया है। संघ की मांग है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अफसर संगठनों से मिलकर चर्चा करें और नए तरीके से सेटअप बनाएं। शिक्षक संघ के महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने कहा कि संस्था प्रमुख का पद होना ही चाहिए। एक कक्षा में एक शिक्षक जरूर हो। जिस स्कूल में बच्चे कम हैं, वहां कम पदों को स्वीकृत किया जाए। उस विषय को पढ़ाने वाले शिक्षक तो होने ही चाहिए।

### अधिक से अधिक पदों को स्वीकृत करने की मांग

शिक्षक संघ के मुताबिक स्कूलों के सेटअप में पद अधिक से अधिक स्वीकृत करें और पदांकन बच्चों की संख्या के अनुसार करें। उन्होंने कहा कि प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में संस्था प्रमुख का पद अनिवार्य रूप से स्वीकृत करें। प्राइमरी स्कूलों में प्रधानपाठक के अलावा प्रत्येक कक्षा (कक्षा पहली से पांचवीं) या सेक्शन के लिए न्यूनतम एक शिक्षक के मान से पांच सहायक शिक्षक के पद स्वीकूत किया जाएं।

मिडिल स्कूल में प्रधानपाठक के अलावा प्रत्येक विषय हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान के लिए एक से छह शिक्षक के पद स्वीकृत किया जाएं। हाईस्कूल में प्राचार्य के अलावा प्रत्येक विषय हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के लिए एक पद के मान से छह व्याख्याता के पद स्वीकृत किया जाएं। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य के अलावा सभी विषयों के एक-एक, वाणिज्य के दो के मान से कुल 15 व्याख्याता के पद स्वीकृत किया जाएं।

प्रत्येक विद्यालय में एक व्यायाम शिक्षक, हाईस्कूल में एक सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला और हायर सेकेंडरी में तीन सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, एक पद ग्रंथपाल व एक पद संगीत शिक्षक का स्वीकृत किया जाए। छात्र संख्या की वृद्धि के अनुपात में सभी विद्यालयों में सहायक शिक्षक/शिक्षक/व्याख्याता के अतिरिक्त पद स्वीकृत किया जाएं। महामंत्री यशवंत वर्मा ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री से शिक्षक संघ मुलाकात करेगा।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# चार्मी कौर ने पंजाब से निकलकर दक्षिण में फहराया झंडा, एक्टिंग के बाद संभाल रहीं प्रोड्यूसर की गद्दी

चार्मी कौर भारतीय फिल्म अभिनेत्री और प्रोड्यूसर हैं। तेलुगू सिनेमा में उन्होंने अपनी अच्छी पहचान बनाई है। इसके अलावा उन्होंने तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी सिनेमा की भी फिल्में की हैं। यूं तो चार्मी का जन्म 17 मई 1987 में लुधियाना के एक सिख परिवार में हुआ। मगर एक्टिंग और फिल्मों के शौक के चलते उन्होंने पंजाब छोड़ दक्षिण सिनेमा का रुख किया। आज साउथ इंडस्ट्री में उनके नाम का सिक्का चलता है। अपने पूरे करियर में वह 40 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। फिल्म 'मास' (2004), 'अनुकोकुंदा ओका रोजू' (2005), 'लक्ष्मी' (2006), 'पौनमी' (2006), और 'राखी' (2006) चार्मी की कुछ शानदार फिल्में हैं। हालांकि अब उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी हैं और प्रोड्यूसर की गद्दी पर काबिज हैं।



### तेलुगू फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

चार्मी कौर ने वर्ष 2002 में तेलुगू फिल्म 'नी तोडू कावली' से अपना फिल्मी करियर शुरु किया। इसमें उन्होंने हाउसवाइफ का किरदार निभाया। दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने यह फिल्म महज 15 साल की उम्र में की। उनकी यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई। मगर इस फिल्म ने चार्मी को दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी पहचान दिलाई। इसके बाद वह तमिल में टी. राजेंद्र की 'कधल अझीवथिल्लई' फिल्म में नजर आईं। इसमें वह सिलम्बरासन के साथ नजर आईं।

### मलयालम इंडस्ट्री में मिली पहली हिट

वर्ष 2002 में ही उन्होंने मलयालम फिल्म 'कट्टूचेमबकम' में अभिनय किया। उनकी यह पहली हिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म का निर्देशक मलयालम निर्देशक विनयन ने किया। इसके बाद वह 2007 में फिल्म 'मंत्रा' में नजर आईं। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राज्य नंदी पुरस्कार मिला। बाद वह फिल्म 'मनोरमा' (2009), 'काव्या की डायरी' (2009) और 'मंगला' (2011) में दिखाई दीं, जिसके लिए उन्हें एक और राज्य नंदी स्पेशल जूरी अवार्ड मिला।

### हिंदी सिनेमा में बनाई पहचान

दक्षिण में कामयाबी के झंडे बुलंद करने के बाद चार्मी ने हिंदी फिल्मों में दस्तक दी। उनकी पहली हिंदी फिल्म 2011 में आई 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' थी, जिसमें उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन साझा की। इसके बाद वह 'जिला गाजियाबाद' में नजर आईं। चार्मी ने 'आर राजकुमार' में कैमियो भी किया था। इसके अलावा चार्मी ने काजल अग्रवाल समेत कई अभिनेत्रीयों की तेलुगू डबिंग भी की है।


### फिल्म प्रोडक्शन में हाथ आजमाया

चार्मी ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया है, बल्कि प्रोडक्शन की दुनिया में अपनी काबिलियत साबित की है। वर्ष 2015 में उन्होंने फिल्म 'ज्योति लक्ष्मी' से फिल्म निर्माण की दुनिया में डेब्यू किया। इसके बाद 2017 में पुरी कनेक्ट्स के साथ मिलकर फिल्म 'रोग', 'पैसा वसूल' (2017), 'महबूबा' (2018), 'स्मार्ट शंकर' (2019), 'रोमांटिक' (2021) फिल्म बनाई।

### करण जौहर से की साझेदारी

वर्ष 2021 में पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में चार्मी ने तेलुगू-हिंदी फिल्म 'लाइगर' प्रोड्यूस की, जो इस साल 25 अगस्त को रिलीज होगी। उन्होंने यह फिल्म पुरी कनेक्ट्स और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ मिलकर बनाई है। इसके अलावा चार्मी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जेजीएम' पर काम कर रही हैं। यह फिल्म 2023 में आएगी और तेलुगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम भाषा में रिलीज होगी। बतौर अभिनेत्री वह आखिरी बार फिल्म '10 एंरदुकुल्ल' में एक्टिंग करती नजर आई थीं। इसके बाद से ही वह फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में हैं। वह पुरी कनेक्ट प्रोडक्शन हाउस की को-फाउंडर भी हैं।

# मां बनने के बाद भी एकदम फिट हैं ये हीरोइन, 40-45 की उम्र में यंग एक्ट्रेसेस को देती हैं मात



बॉलीवुड से जुड़ी सभी अभिनेत्रियां अपनी फिटनेस का बहुत ख्याल रखती हैं। यहीं, वजह है 40-45 की उम्र पार करने का बाद आज भी वह एकदम फिट नजर आती हैं। बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्री हैं जो मां बन चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को देखकर आप इस बात का अंदाजा नहीं लगा सकते हैं। खुद को फिट रखने के लिए वह तरह-तरह की एक्सरसाइज का सहरा लेती हैं और डाइट फॉलो करती हैं। आज हम आपको उन एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे, जो मां बनने के बाद भी इतनी फिट हैं।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी दो बच्चों की मां होने के बाद भी एकदम फिट हैं। 46 की उम्र में वह 25 साल की हीरोइन को फिटनेस के मामले में टक्कर देती हैं। खुद को फिट करने के लिए शिल्पा हफ्ते में पांच दिन एक्सरसाइज करती हैं। इसमें दो दिन वह योगा, दो दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एक दिन कार्डियो करती हैं। शिल्पा का मानना है कि खुद को फिट रखने के लिए योग सबसे कारगर है। वह सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट करते हुए वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।

### मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा 48 साल की उम्र में भी अपनी फिटनेस से हर किसी को मात देती हैं। वह 19 साल के बेटे की मां हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को देखकर यह कह पाना मुश्किल है। खुद को फिट रखने के लिए मलाइका एक्सरसाइज के साथ ही डाइट प्लान भी फॉलो करती हैं। मलाइका नियमित रूप से एक घंटे योग करती हैं। इसके अलावा वह 20 मिनट कार्डियो भी करती हैं।

### रवीना टंडन

रवीना टंडन 47 साल की उम्र में अपनी फिटनेस और स्कीन का काफी ख्याल रखती हैं। रवीना यूं तो चार बच्चों की मां हैं, लेकिन दो बेटी उन्होंने गोद ली हैं और एक बेटी और बेटे उनके हैं। रवीना खुद को फिट रखने के लिए योगा, स्विमिंग और कार्डियो करती हैं। इसके अलावा वह अच्छी डाइट भी फॉलो करती हैं।

### करिश्मा कपूर

करिश्मा कपूर 47 वर्ष की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी पहले की तरह खूबसूरत और फिट लगती हैं। दो बच्चों की मां करिश्मा खुद को फिट रखने के लिए दो ही चीजों पर विश्वास करती हैं। पहला पदल चलना और दूसरा कम तीव्रता वाला वर्कआउट करना। इसके साथ ही वह हेल्दी लाइफस्टाइल भी फॉलो करती हैं।


### करीना कपूर खान

करीना कपूर खान इस लिस्ट में सबसे कम उम्र की अभिनेत्री हैं। वह अभी 41 साल की हैं और दो बच्चों की मां हैं। करीना हमेशा से ही अपनी फिटनेस को लेकर एक्टिव रही हैं, फिर चाहे वो पिलाटे हो, योगा हो या फिर किक बॉक्सिंग। वर्कआउट के साथ वह अपनी डाइट पर भी खास ध्यान देती हैं।

# पद्मश्री मिलने की खबर से अनजान थे पंकज उधास, दोस्त ने बताया तो दी थी मजेदार प्रतिक्रिया

पंकज उधास एक ऐसी शख्सियत हैं, जिनका जिक्र होते ही हर किसी के मन में गजलें और प्यार भरे गाने आ जाते हैं। उनकी गजलें हर किसी के बेचैन मन को पल भर में शांत कर देने का काम करती हैं और उनके द्वारा गाए हुए प्यार भरे गाने सीधा दिल में उतर जाते हैं। उनकी गजलों और गानों की लिस्ट अगर खोली जाए तो काफी लंबी है।

उनके सदाबहार गानों में 'चिट्ठी आए न संदेश', 'न कजरे की धार', 'आदमी खिलौना है', 'चांदी जैसा रंग है तेरा' समेत कई गाने शामिल हैं। अपने बेहतरीन काम के लिए साल 2006 में पंकज उधास को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। लेकिन क्या आपको पता है, इसके पीछे भी एक मजेदार कहानी है। आज पंकज अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं। आइए इस खास मौके पर हम आपको पद्मश्री से जुड़ा उनका किस्सा बताते हैं।



आपको जानकर हैरानी होगी कि पंकज उधास को जब पद्मश्री देने का एलान हुआ था, तब उन्हें इस बारे में जानकारी ही नहीं थी। इतना ही नहीं, जब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख ने पंकज उधास से पद्मश्री से जुड़ा सवाल किया था, तब उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की बात को अनदेखा कर दिया था। ये बात खुद सिंगर ने बताई थी। उन्होंने बताया था कि उनके गानों को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख भी पसंद करते थे। एक दिन उन दोनों की मुलाकात एक समारोह में हुई। इस समारोह में पंकज उधास ने परफॉर्म किया था और इसके बाद ही उनकी मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री से स्टेज के पीछे हुई थी।

इस मुलाकात में दोनों के बीच थोड़ी बातचीत हुई। इसी मौके पर विलासराव ने पंकज को बताया था कि वह उनके बड़े प्रशंसक हैं। इतना ही नहीं, इस दौरान उन्होंने पंकज से ये भी पूछ लिया था कि क्या आपको पद्मश्री मिला है? पूर्व मुख्यमंत्री की इस बात का पंकज ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद दोनों की बातचीत भी खत्म हो गई।

इसी बीच की बात है जब पंकज उधास ने अपने करियर के 25 साल पूरे किए थे और वह कुछ संस्थाओं के साथ जुड़कर कैंसर पीड़ितों की मदद कर रहे थे। पंकज उधास को पद्मश्री से सम्मानित करने की घोषणा साल 2006 में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हुई थी। इस खबर के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में जब उन्हें उनके दोस्त ने बधाई देने के लिए फोन किया तो वह भी हैरान रह गए। पंकज ने जब अपने दोस्त से पूछा कि किस बात की बधाई? तब उस दोस्त ने बताया कि आपको पद्मश्री से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई है। इस खबर को सुनने के बाद पंकज की खुशी का ठिकाना नहीं था।

# एक्टर बनने से पहले भारतीय सेना में रहे ये कलाकार, कोई था मेजर तो कोई कर्नल

साल 2022 भारतीय सिनेमा जगत के लिए काफी खास है। बीते कुछ दिनों में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है और आने वाले दिनों में भी कई बड़ी फिल्में हैं, जो रिलीज के लिए तैयार हैं। इस लिस्ट में आयुष्मान खुराना की फिल्म 'अनेक' भी शामिल है। इस फिल्म में आयुष्मान भारतीय अफसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। आयुष्मान की यह पहली फिल्म होगी, जिसमें अभिनेता का जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि असल जिंदगी में भी सिनेमा जगत में कई ऐसे सितारे हैं, जो सेना में अपनी सेवा दे चुके हैं। **मोहन लाल:-** मोहन लाल साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं, जिनकी फिल्मों ने फैंस के बीच धमाल मचाया है। कम ही लोग जानते हैं कि सुपरस्टार मोहन लाल ने भारतीय 'टेरिटोरियल आर्मी' में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक प्राप्त की है। मोहन लाल ने यह रैंक साल 2009 में एक्टर बनने के बाद हासिल की थी।

**गुफी पेंटल:-** अभिनेता गुफी पेंटल को आखिर कौन नहीं जानता है। अभिनेता को 'महाभारत' सीरियल के 'शकुनी मामा' के किरदार से खूब पॉपुलैरिटी हासिल हुई। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि गुफी पेंटल भारतीय सेना में बतौर कैप्टन अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

**आनंद बक्शी:-** दिवंगत गीतकार आनंद बक्शी खूबसूरत गानों के लिए याद किए जाते हैं। उनके सदाबहार गाने लोग आज भी सुनना पसंद करते हैं। आनंद बक्शी ने रॉयल इंडियन नेवी में कैडेट के रूप में दो साल तक काम किया था। आनंद बक्शी को 4 बार फिल्मफेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**बिक्रमजीत कंवरपाल:-** दिवंगत अभिनेता बिक्रमजीत कंवरपाल ने कई शानदार फिल्मों में काम किया है, जिसमें 'पेज 3', 'डॉन', 'कॉर्पोरेट', 'रॉकेट सिंह', 'जब तक है जान' जैसी कई फिल्में शामिल हैं। बिक्रमजीत कंवरपाल भारतीय सेना के रिटायर्ड मेजर हैं। उन्होंने रिटायर होने के बाद साल 2002 में सिनेमा जगत में कदम रखा। 1 मई 2021 को अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# प्रभास के फैन का सुसाइड नोट: 'सालार' पर नहीं मिला कोई अपडेट लिखा- एक महीने के अंदर अपडेट दें, नहीं मिला तो जान दे दूंगा

इंडस्ट्री के बाहुबली यानी प्रभास की पापुलैरिटी भारत और दूसरे देशों में है। प्रभास की लाइफहो या फिर उनकी किसी फिल्म का अपडेट दोनों के लिए उनके फैंस बेहद एक्साइटेड रहते हैं। अब हाल में प्रभास के एक क्रेजी फैन ने उनकी अपकमिंग फिल्म सालार का अपडेट न मिलने पर सुसाइड लेटर लिख दिया। फैन ने धमकी भी दी की अपडेड नहीं मिला तो अपनी जान ले लूंगा।




### सालार की अपडेट चाहता हूं

प्रभास के क्रेजी फैन ने सालार का कोई अपडेट नहीं मिलने से मेकर्स से नाराज हो कर सुसाइड लेटर लिखा। इसके बाद ये लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैन ने लेटर में लिखा, डायरेक्टर प्रशांत नील ने कहा था कि वो सालार को लेकर जल्द अपडेट देंगे। लेकिन इस बात को महीनेभर से ज्यादा हो गया। अभी तक कोई अपडेट नहीं दिया गया है। अगर मुझे इस महीने में सालार को कोई अपडेट नहीं मिला तो मैं सुसाइड कर लूंगा। मैं काफी निराश और दुखी हूं क्योंकि साहो और राधेश्याम के समय भी ऐसा ही हुआ था। मैं बस सालार की अपडेट चाहता हूं।

### राधे श्याम के समय भी हुआ था ऐसा

इसके पहले प्रभास के एक फैन ने अपकमिंग फिल्म राधे-श्याम की रिलीज पर कोई अपडेट नहीं मिलने पर सुसाइड नोट लिख दिया। नोट में उसने फिल्म के मेकर्स को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। फिल्म बनकर तैयार है और फैंस लंबे समय से इसके ट्रेलर और रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, सुसाइड नोट लिखने वाले फैन ने सिर्फ ये नोट ही लिखा है, आत्महत्या नहीं की है।

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मोदी सरकार की नीतियों के कारण उज्वला योजना भी फेल - कांग्रेस

**रायपुर।** मोदी सरकार की नीतियों के कारण उज्वला योजना भी फेल साबित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के राज में देश मे पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की योजनाएं तो बन्द ही कर दी गयी। मोदी सरकार द्वारा खुद शुरू की गई और देश भर में वाहवाही बटोरी गयी उज्वला योजना भी दम तोड़ चुकी है। भाजपा ने उज्वला योजना का देश भर की महिलाओं को खूब सब्जबाग दिखाया था। महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन के बाद सिलेंडर के रिफलिंग का भी वायदा किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की महिलाओं से वायदा किया था कि उन्हें अब चूल्हे के धुंए से छुटकारा मिलेगा। महिलाओं को मुफ्त गैस का वायदा कर भाजपा ने वोट भी हासिल किया लेकिन चुनाव जीतने दूसरी बार सरकार बनाने के बाद मोदी सरकार अपने वायदे को भूल गयी।

### दरभा ब्लाक में आयोजित बूथ, सेक्टर, जोन लेवल की समीक्षा बैठक में शामिल हुए कांग्रेस नेतागण

**जगदलपुर।** दरभा ब्लॉक में बूथ,सेक्टर,जोन पदाधिकारियों के समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं बूथ प्रबंधन समिति के सदस्य कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामगोपाल अग्रवाल और प्रदेश प्रभारी गिरीश देवांगन एवं मिथलेश स्वर्णकार, क्रेडा अध्यक्ष , विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलराम मौर्य शामिल रहे और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर में मज़बूती से काम करने हेतु निर्देशित किया।

# पीएम मोदी के दौरे में नेपाल के साथ छह समझौते पर लगी मुहर

### 695 मेगावाट का पावर प्लांट बनाएगा भारत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नई दिल्ली ।** भारत और नेपाल के बीच बिजली व्यापार सौदे के तहत दोनों देश मिलकर 695 मेगावाट हाइड्रोपॉवर प्लांट का निर्माण करने जा रहा है। भारत नेपाल में हाइड्रोपॉवर प्लांट के अलावा बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। नेपाल में चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच माना जा रहा है कि भारत के इस कदम से नेपाल में भारत का प्रभाव बढ़ेगा। दरअसल नेपाल देश में बिजली की कमी को पूरा करने के लिए स्वच्छ उर्जा उत्पन्न करने के लिए अपनी भौगोलिक स्थिति का दोहन करना चाह रहा था जिसमें भारत उसकी मदद करेगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल यात्रा के दौरान हुए 6 समझौतों में एक ये समझौता भी शामिल है। एनईए के प्रवक्ता सुरेश बहादुर भट्टराई के मुताबिक अरुण परियोजना संयुक्त रूप से भारत के सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) लिमिटेड और नेपाल की सरकारी बिजली कंपनी नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) द्वारा नेपाल के पूर्व में अरुण नदी पर संयुक्त रूप से 51प्रतिशत और 49प्रतिशत इक्विटी के अनुपात में बनाई जाएगी।

इस प्रोजेक्ट से नेपाल को 152 मेगावाट मुफ्त बिजली मिलेगी और बाकी दोनों कंपनियों के बीच 51प्रतिशत और 49प्रतिशत के आधार पर बिजली बंटेगी। सुरेश बहादुर भट्टराई के मुताबिक दोनों देशों के बीच परियोजना की कुल लागत पर काम किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक भारतीय कंपनियां बिजली संयंत्रों के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रही हैं।

नेपाल में कुल 8,250 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना है। समझौते के मुताबिक नेपाल भारत को अतिरिक्त ऊर्जा निर्यात करने में मदद करेगा। नेपाल में 42,000 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने मंदिर के बिलकुल बगल में स्थित अशोक स्तम्भ के निकट दीप प्रज्ज्वलित किया। इस स्तम्भ को सम्राट अशोक ने 249 ईसापूर्व में निर्मित कराया था। भगवान बुद्ध के लुम्बिनी में जन्म लेने का पहला अभिलेखीय प्रमाण इस स्तम्भ पर उत्कीर्ण है। इसके बाद, दोनों प्रधानमंत्रियों ने बोधि वृक्ष को जल अर्पित किया।

# महापौर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत अतिरिक्त गर्म भोजन का किया शुभारंभ

**बच्चों के सुपोषण के लिए छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुरूप खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत : महापौर श्रीमती हेमा देशमुख**

**सुपोषण के लिए सामुदायिक सहभागिता जरूरी**

**बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक, ताकि मिल सकें आवश्यक पोषण एवं दवाईयां**

**सुपोषण प्रदर्शनी में उपलब्ध मुनगा, चौलाई, अमारी, लाल भाजी, पालक, मेथी तथा बच्चों के लिए बनाए गए विभिन्न तरह पौष्टिक व्यंजन का किया अवलोकन**


श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने आज नंदई के आंगनबाड़ी केन्द्र में गंभीर कुपोषित बच्चों तथा एनिमिक गर्भवती महिलाओं में व्याप्त कुपोषण एवं एनिमिया को दूर करने हेतु संपूर्ण राजनांदगांव जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत अतिरिक्त गर्म भोजन का शुभारंभ किया। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ को सुपोषित राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं यहां का खान-पान समृद्ध है। यहां कई तरह की भाजी उपलब्ध है। वहीं बासी की महत्ता पूरी दूनिया जानती है। उन्होंने कहा कि शहरी परिवेश में हम अपनी संस्कृति से दूर जा रहे हैं। अगर बच्चे को अपनी संस्कृति के अनुरूप अच्छे से खिलायें तो कोई कुपोषित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक है, ताकि सही समय पर पता चलने पर उन्हें आवश्यक पोषण एवं दवाईयां दे सकते हैं। एनिमिक गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य परीक्षण का पता चलने पर पहले ही रोकथाम की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पोषण के लिए बड़े-बुजुर्गों में जागरूकता लाने की जरूरत है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रेणु प्रकाश ने कहा कि बच्चे के परिवार एवं समुदाय उसके पोषण पर विशेष ध्यान दें, तो बच्चा कुपोषित नहीं होगा। सबकी सहभागिता से हमें कुपोषण को दूर करना है। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि, परिवार, जनसमुदाय, स्वयं सेवी संस्थ्याएं तथा ग्राम पंचायतें मिलकर सुपोषण की दिशा में कार्य करेंगे तो निश्चित ही इसके सुखद परिणाम मिलेगें। इस अवसर पर बच्चों को पौष्टिक गर्म भोजन दिया गया एवं सभी को सुपोषण के लिए आवश्यक विटामिन, प्रोटीन एवं खनिज तत्वों के बारे में जानकारी दी गई तथा फल, सब्जी, भाजी एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए कहा गया। इस दौरान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने सुपोषण प्रदर्शनी में उपलब्ध मुनगा, चौलाई, अमारी, लाल भाजी, पालक, मेथी तथा बच्चों के लिए बनाए गए विभिन्न तरह पौष्टिक व्यंजन का अवलोकन किया। महापौर ने नन्हे बच्चों को सुपोषण टोकरी उपहार स्वरूप प्रदान की। एनिमिक गर्भवती माताओं को सुपोषण थाली दी गई। यहां बनाई गई सुपोषण रंगोली आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर नगर निगम एमआईसी के सदस्य संतोष पिल्ले, पार्षद श्रीमती दुलारी बाई एवं अन्य पार्षदगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे।

# वेदांता स्किल स्कूल से वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ के 600 युवा हुए स्वावलंबी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालकोनगर। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अपने कौशल विकास केंद्र 'वेदांता स्किल स्कूल' के माध्यम से स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में कोरबा, कवर्धा और मैनपाट प्रशिक्षण केंद्रों की मदद से छत्तीसगढ़ के लगभग 600 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। ये प्रशिक्षत युवा देश के अग्रणी कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।**

वेदांता स्किल स्कूल स्थानीय युवाओं को व्यावसायिक रूप से कुशल बनाने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहा है। वेदांता स्किल स्कूल प्रशिक्षण केंद्र में आतिथ्य उद्योग, वेल्डिंग, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी टेक्निशियन, इलेक्ट्रीशियन और फिटर के छह ट्रेडों में मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 45 से 65 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है और छत्तीसगढ़ के लगभग 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वेदांता स्किल स्कूल मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना (एमएमकेवीवाई), नाबार्ड, स्किल इंडिया इम्पैक्ट बॉन्ड (एसआईआईबी) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई) जैसी सरकारी योजनाओं के साथ मिलकर प्रशिक्षण दे रहा है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने वेदांता स्किल स्कूल पर विचार साझा करते हुए कहा कि वेदांता समूह अपने तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल में सतत प्रगति के साथ ही सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से अपने प्रचालन क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने में विश्वास रखता है। देश के उत्तरोत्तर विकास में प्रशिक्षित युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। कौशल विकास केंद्र के जरिए युवाओं को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं प्रोजेक्ट कनेक्ट के जरिए जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। श्री पति ने कहा कि युवाओं के प्रतिभा प्रोत्साहन के लिए बालको प्रतिबद्ध है।

होटल बेबीलोन इंटरनेशनल रायपुर के मानव संसाधन प्रबंधक संदीप कुमार राय ने बालको के कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे संगठन में नियोजित उम्मीदवारों ने अनुकरणीय पेशेवर कौशल प्रदर्शित किया है। बालको की ओर से प्रारंभ यह केंद्र युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास और संबल देता है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने में सक्षम बनाता है।

पूर्व छात्रा संतोषी धुर्वे ने आभार जताते हुए कहा कि स्किल स्कूल ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। आर्थिक रूप से परिवारजनों की मदद कर उन्हें गौरव की अनुभूति होती है। संस्थान ने आत्मनिर्भरता होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# समाज के विकास के लिए वनांचल में शिक्षा के उजियारा को फैलाना होगा-कवासी लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर। जिले के ग्राम मूसालूर में आयोजित संभागीय गोंडवाना सम्मेलन के समापन के अवसर पर समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा लोक नृत्य एवं बाजे-गाजे के साथ अतिथियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। वहीं अतिथियों ने क्षेत्र के देवी-देवताओं तथा देव विग्रहों की पूजा-अर्चना कर समाज के खुशहाली एवं समृद्धि का आर्शीवाद मांगा।**




इस मौके पर आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी, पूर्व सांसद एवं समाज के प्रदेश पदाधिकारी सोहन पोटाई, गोंडवाना समाज के प्रदेश पदाधिकारीगण, समाज के नव निर्वाचित संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग, समाज के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

इस दौरान विधायक केशकाल एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण संतराम नेताम ने संभागीय गोंडवाना महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज की सेवा करने हेतु शपथ दिलाया और उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज के संभागीय महासचिव सदेसिंह कोमरे ने सम्भागीय सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री तथा बीजापुर के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने संभागीय गोंडवाना सम्मेलन के समापन के अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति की गोद में रहने वाले हमारे आदिवासी भाई-बहन अपने रीति-रिवाजों, परम्पराओं और अनूठी संस्कृति के धनी हैं। खेती-किसानी और वनोपज संग्रहण के जरिये जीवन -यापन करने के साथ ही अब शिक्षा के द्वारा समाज को विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर कर रहे हैं।

हमें वनांचल में शिक्षा के उजियारा को फैलाना होगा। जिससे समाज के लोग जागरूक होने के साथ समाज के विकास को एक नई दिशा प्रदान कर सकें। उन्होने राज्य शासन द्वारा आदिवासी हितों के लिए संचालित योजनाओं-कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों के कल्याण के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को शिक्षा के लिए निरंतर आगे आने पर जोर देते हुए पुरातन प्रथाओं में सुधार और व्यसनों को त्याग करने का सुझाव दिया।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने आयोजित किया विप्र सम्मेलन एवं निकाली शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भगवान परशुराम के गगनभेदी नारे, धर्माचार्यों की शंख ध्वनि , डीजे की धुमाल, आकर्षक झांकियों तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नर्तक दल कर्मा, डंडानृत्य, तथा राउत नाचा के साथ सर्व ब्राह्मण समाज ने राजधानी में प्रांतीय सम्मेलन के साथ राज्य स्तरीय शोभायात्रा निकाली।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक स्थानों से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथियों ने समाज में एकजुटता पर जोर दिया । स्पोर्ट्स कंपलेक्स मैदान बुढ़ापारा से निकाली गई प्रदेश स्तरीय शोभा यात्रा का नेतृत्व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने किया। शोभायात्रा के पूर्व समाज के सांस्कृतिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जेपी शर्मा एंड ग्रुप ने देशभक्ति भजनों से मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर शिव तांडव, शिव पार्वती नृत्य, परशुराम के वेशभूषा में थिरकते परशुराम तथा महिला मंच की ओर से गरबा आकर्षण का केंद्र था । प्रांत अध्यक्ष मिश्रा ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने देश व प्रदेश में समाज के हर वर्ग को जोड़ने की बात कही। महिला मंच के प्रदेश अध्यक्ष भारती अवतार शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया सभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने विगत 20 वर्षों से आयोजित हो रहे शोभायात्रा में प्रतिवर्ष बढ़ती संख्या को समाज हित में महत्वपूर्ण कदम बताया । उन्होंने अंतरजातीय विवाह को प्रतिबंधित करने, मृत्यु भोज में सादगी ,महिलाओं तथा युवाओं को सम्मान ,समाज के पंडित, पुजारी, धर्माचार्यों को पर्याप्त महत्व देने के साथ-साथ समाज के वरिष्ठ जनों के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा मार्गदर्शन प्राप्त करने संबंधी पांच प्रस्ताव रखें।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### रायपुर के रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश, ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**रायपुर (ए)।** रायपुर के रेलवे ट्रैक पर युवक की लाश मिली है। ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा है या खुदकुशी। इस पहलू पर अब पुलिस जांच कर रही है। यह घटना पंडरी इलाके की है। मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक के करीब से गुजर रहे कुछ लोगों ने पटरी के किनारे एक युवक की लाश पड़ी देखी और फौरन पुलिस को खबर दी। शव पर चोट के निशान हैं। अंदेशा लगाया जा रहा है कि ट्रैक पार करते युवक ट्रेन से टकराया होगा। पटरियों के किनारे छिटककर गिरा और सिर पर चोट आने की वजह से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस आसपास की बस्ती में युवक की पहचान के लिए पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि कहीं इस शख्स ने खुदकुशी तो नहीं की।

### 113 नशीली इंजेक्शन के साथ गांधी नगर में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर (ए)।** गांधीनगर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 113 नग नशीले इंजेक्शन बरामद की है। पुलिस ने बताया कि अंकित जायसवाल को मुखबिर की सूचना पर गांधीनगर इलाके में नशीले इंजेक्शन के साथ सोमवार को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी सप्लाई करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रह था। इसी दौरान उसे धरदबोचा गया। जब्त इंजेक्शन की कीमत 2321 रुपए हैं। ये सभी इंजेक्शन प्रतिबंधित हैं और डॉक्टर की सलाह पर ही किसी मरीज को दिया जाता है। आरोपी द्वारा झारखंड से लाकर नशे के इंजेक्शन की सप्लाई की जाती थी। मामले में उसके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की की गई है।

### टहलने निकली शिक्षिका को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**अंबिकापुर (ए)।** जिले के लखनपुर इलाके में रविवार की देर शाम घर के बाहर टहल रही एक शिक्षिका को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पता चलने पर परिजन शिक्षिका को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लखनपुर निवासी खुर्शिदा बेगम किराए के मकान में रहकर ट्यूशन पढ़ाने का काम करती थीं। रविवार की देर शाम वे अपने मकान के सामने सड़क किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। हादसे में शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। आवाज सुनकर परिजन व अन्य लोग पहुंचे और पास के अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रात में उनकी मौत हो गई।

### 88 हजार रुपए की शराब जब्त

**वाड्रफनगर (ए)।** बसंतपुर पुलिस ने यूपी से शराब की तस्करी कर छत्तीसगढ़ में खपाने लाते समय रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर कार को जब्त किया। तस्कर 14 पेटी अंग्रेजी शराब कार में रखकर यहां ला रहा था। पुलिस ने बताया कि 15 मई को रात्रि गश्त के दौरान मुखबीर के जरिए सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश राज्य से एक ग्रे कलर की कार में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने बसंतपुर क्षेत्र में लाया जा रहा है।

### रायपुर में अनाज कारोबारी से 50 लाख की लूट

# 9 बाइक सवारों ने घेरकर स्टंप से पीटा, रुपयों से भरा बैग लेकर भागे

रायपुर (ए)। सोमवार की रात रायपुर में एक बड़ी वारदात हो गई। एक कारोबारी अपने घर लौट रहा था तभी कुछ बाइक सवारों ने उसे घेर लिया। बदमाश, उस कारोबारी के साथ मारपीट करने लगे और कारोबारी के पास मौजूद रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। कारोबारी का दावा है कि उस बैग में 50 लाख रुपए थे। अब इस मामले में पुलिस रातभर एक्शन मोड में है और फरार आरोपियों को ढूंढने का काम किया जा रहा है।



ये वारदात धमतरी रोड पर स्थित डूमरतराई थोक मंडी से कुछ ही दूरी पर हुई। रात के वक्त कारोबारी नरेंद्र खेतपाल अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। डूमरतराई थोक मंडी में ही नरेंद्र अनाज का कारोबार करते हैं। अनाज के लेन-देन की तीन दिन की रकम साथ लेकर घर जा रहे थे तभी इनपर हमला हो गया।

नरेंद्र के बेटे किशन ने बताया कि 3 बाइक पर 6 से 9 लोग थे। वो पापा का पीछा कर रहे थे। मिंटू पब्लिक स्कूल के पास उन्होंने घेर लिया और उन्हें मारने -पीटने लगे। लात घूंसे चलाए, बदमाशों ने अपने पास डंडे स्टंप रखे थे। इससे नरेंद्र खेतपाल के सिर पर वार किया गया। नरेंद्र अपने स्कूटर से टैगोर नगर स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ये सब हो गया। बेटे किशन ने बताया कि इस अटैक की वजह से पापा सड़क पर गिर गए, इतने में कैश वाला बैग लेकर वो लोग फरार हो गए। नरेंद्र ने सड़क पर पड़े-पड़े बेटे किशन को फोन किया और घटना स्थल पर पहुंचने को कहा। इसके बाद कारोबारी को पचपेड़ी नाका स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में एडमिट किया गया है, उसके सिर पर चोटें आई हैं।

#### लोकल गैंग का हाथ

इस घटना को लेकर अब तक सामने आई बातों के मुताबिक इस वारदात के पीछे किसी लोकल गैंग का हाथ है। नरेंद्र ने पुलिस को लुटेरों की कदकाठी और बोल-चाल के बारे में बताया। वो आपस में छत्तीसगढ़िया अंदाज में ही बातें कर रहे थे। पुलिस अब रात से ही माना, संतोषी नगर, राजेंद्र नगर के बदमाशों के ठिकानों पर दबिश देकर ये पता लगाने की कोशिश में है कि कांड किसने किया। पुलिस ने पाया है कि कारोबारी पर अटैक पूरी प्लानिंग से ही किया गया है।

#### कारोबारियों से था विवाद

नरेंद्र चावल के कारोबार से जुड़े हैं। थोक मंडी और शहर के कुछ दुकानदारों से व्यापारिक वजहों से विवाद भी हो चुका है। नरेंद्र ने कुछ कारोबारियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। अब इन कारोबारियों से भी पुलिस जल्द पूछताछ कर सकती है। दुश्मनी निकालने के लिए किसी कारोबारी ने ही ये कांड करवाया हो पुलिस इस दिशा में भी तफ्तीश कर रही है। रायपुर पुलिस की अलग-अलग टीमें इस वारदात को अंजाम देने वालों को पता लगाने में जुटी है।

#### इसी सड़क पर लाखों की डकैती, अब तक फरार डकैत

जिस सड़क पर कारोबारी नरेंद्र के साथ ये घटना हुई, उसी सड़क पर कुछ दूरी पर बनी एक कॉलोनी में डकैती की वारदात हुई थी। 4 अप्रैल को साईं वाटिका नाम की कॉलोनी में रहने वाले दिनेश साहू के घर डकैती हुई थी। आधी रात इनके घर में घुस आए 6 बदमाश 10 लाख से अधिक कैश, गहने और स्कूटर लूटकर फरार हो गए थे। तब से अब तक डकैतों का पता रायपुर की पुलिस नहीं लगा सकी है।

# बाइक मांगने से परेशान पिता ने बेटे की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बेमेतरा (ए)।** बिटकुली चौकी चंदनू थाना नांदघाट में हुई किशन साहू(19) की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपित ने बताया कि वे बेटे द्वारा कहीं भी आने जाने के लिए मोटर साइकिल मांगने से परेशान थे। घटना के दिन भी वह मोटर साइकिल की मांग कर रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को प्रार्थी अर्जुन साहू निवासी बिटकुली चौकी चंदनू थाना नांदघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात आरोपित द्वारा किशन साहू की धारदार वस्तु से गले में हमला कर उसकी हत्या कर दी है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन व थाना चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक अंजोर सिंह साहू द्वारा तत्काल मौके का मुआयना किया गया। मुआयना करने पर मृतक की हत्या में कई संदेहों को जन्म दे रहा था तथा यह भी प्रतीत हुआ कि घटना किसी करीबी जानकार व्यक्ति द्वारा ही किया गया है। जिसके बाद आरोपित को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई। जिसमें चौकी चंदनू प्रभारी उप निरीक्षक अंजोर सिंह साहू एवं सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले की टीम को अज्ञात हत्यारे की पतासाजी के लिए लगाया गया। साथ ही टीम ने वैज्ञानिक तथा पुरानी पद्धति से मौके को ना छोड़ना लगातार हत्या के संबंध में पूछताछ करते रहे।

पुलिस के लगातार प्रयास से 15 मई को मृतक का पिता संदेही नकुल साहू (54) से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध घटित करना स्वीकार करते हुए बताया कि उनका बेटा कहीं भी आने-जाने के लिए मोटर साइकिल की मांग करता था। मोटरसाइकिल नहीं दे सकने कहने पर वह गाली गलौज कर परेशन करता था। घटना दिनांक को भी उनके बेटे को गांव जाने के लिए कहने पर मोटर साइकिल के बिना नहीं जाने की बात की जिस पर उन्होंने आरोपी आवेश में आकर गुस्से से पत्थर से फेंककर सिर को मार दिया, जिससे वह घायल हो गया, उसके बाद हसिया से उसके गले को काट कर हत्या कर दी।

## नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पुलिस ने घेराबंदी कर 480 किलो गांजे से भरा ट्रक किया जब्त

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स सेल और उरला पुलिस की ओर से की गई है। खबरों के अनुसार नारकोटिक्स सेल के इनपुट पर गांजे की बड़ी खेप के साथ दो गांजा तस्कर गिरफ्तार। टीम ने घेराबंदी कर 480 किलो गांजे से भरा ट्रक जब्त किया है। दोनों तस्कर ओडिशा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। तस्करों से पूछताछ के बाद मिले क्लू के साथ नारकोटिक्स सेल और रायपुर पुलिस की टीम ओडिशा रवाना हो गई है। ट्रक समेत जब्त गांजे की कीमत करीब 29 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का राजफाश करेगी। उरला थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया कि शनिवार की रात ग्राम बुंदेला में परसाकापा से बरात आई थी। इसमें डीजे की धुन पर ग्रामीण और बराती नाच रहे थे। नाचने के दौरान धक्का लगने पर बुंदेला में रहने वाले रोशन तिवारी और ओमप्रकाश सांडे ने राहुल बंजारे और उसके पिता गणेश की पिटाई कर दी। बीच-बचाव के बाद सभी अपने काम में लग गए। रविवार की सुबह राहुल दिशा मैदान के लिए तालाब की ओर गया था।

## फांसी पर झूल रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**बिलासपुर (ए)।** तखतपुर के चुलघट निवासी युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। अनहोनी की आशंका पर स्वजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इससे पहले युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की तैयारी कर ली थी। पुलिस पहुंची तो युवक फांसी के फंदे पर झूल रहा था। पुलिस ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। उसके बयान से घटना के कारणों का पता चल सकेगा। तखतपुर के चुलघट रोड में रहने वाले दिनेश यादव निजी संस्थान में काम करते हैं।



सोमवार की सुबह उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया। स्वजन ने कमरे का दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। इसमें सफल नहीं होने पर उन्होंने इसकी जानकारी तखतपुर थाने में दी। इस पर पुलिस की पैट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई। इस बीच युवक ने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की तैयारी कर ली थी। पुलिस के पहुंचते ही युवक फांसी के फंदे पर झूल गया। जवानों ने कमरे में झांककर देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। जवानों ने आनन-फानन में कमरे का दरवाजा तोड़ दिया। तब तक युवक बेहोश हो चुका था। जवान उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां पर भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा है। युवक के बयान के बाद घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

### पति के मोबाइल पर भेजा पत्नी का न्यूड विडियो

# साइबर ठगी के जाल में फंसी महिला की चौंकाने वाली दास्तान, मामला दर्ज

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में साइबर ठगी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला को पहले ठगों ने 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने का झांसा देकर 9 लाख रुपए अपने अकाउंट में जमा करा लिए। फिर रुपए वापस करने के बदले उसका न्यूड वीडियो मांगा। मजबूरी में महिला ने वीडियो भेजा तो ठगों ने और 5 लाख रुपए मांगे। जब रुपए नहीं मिले तो वह वीडियो उसके पति के नंबर पर भेज दिया।




सरकंडा क्षेत्र की एक हाउसवाइफ के मोबाइल में 23 अप्रैल को अनजान नंबर से कॉल आया जिसमें उन्हें 25 लाख रुपए लॉटरी लगने का झांसा दिया गया। महिला रुपए पाने के लालच में आ गई। इस दौरान उससे 25 लाख रुपए पाने के लिए प्रोसेस फीस, टैक्स सहित अलग-अलग बहाने से रुपए जमा कराए गए। महिला ने अपने व पति के बैंक अकाउंट से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया। उसने करीब 9 लाख रुपए ठगों के अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी उन्हें लॉटरी की रकम नहीं मिली। महिला ने यह बात अपने पति को भी नहीं बताई। पति से उसने कुछ पैसे झूठ बोलकर जमा करा लिए तो कुछ खुद ही उनके एकाउंट से जमा कराए।

#### महिला ने वापस मांगे रुपए

महिला को संदेह हो गया कि वह ठग ली गई है। उसे तो 25 लाख मिले ही नहीं और ठग और रकम की डिमांड करने लगे। झांसा दिया गया कि उनकी पूरी जमा राशि उन्हें बाद में लौटा दी जाएगी। तब महिला ने बताया कि उनके अकाउंट में अब पैसे ही नहीं है।

#### फिर मंगवाया न्यूड वीडियो

महिला ने जब और रुपए देने से इनकार किया तो ठगों ने उनके सामने शर्त रखी। महिला से बोला गया कि अपना न्यूड वीडियो बनाकर दो, तब पूरे 9 लाख रुपए वापस मिल जाएंगे। महिला उनके चंगुल में फंस गई थी। वीडियो भेजने पर रकम वापसी की उम्मीद थी। लिहाजा, महिला ने अपना न्यूड वीडियो बनाकर ठग को भेज दिया।

#### पति के पास भेजा वीडियो और मांगे पांच लाख रुपए

इसके बाद भी ब्लैकमेलिंग का सिलसिला नहीं रुका। जालसाजों ने महिला से उसके पति का मोबाइल नंबर पहले ही ले लिया था। लिहाजा पति के मोबाइल पर पत्नी का न्यूड वीडियो भेजकर धमकाना शुरू कर दिया। पति से पांच लाख रुपए की मांग की गई। रुपए नहीं देने पर वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी गई। पति ने महिला से पूरी जानकारी ली। तब ब्लैकमेलिंग का यह मामला सामने आया। इसके बाद उन्होंने इस घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### अहंकार के विसर्जन में ही जीवन का सृजन है : निरंजन महाराज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा माँ परमेश्वरी आश्रम, बघेरा, दुर्ग में आयोजित कोरोना काल में दिवंगत स्वजनों की सद्गति हेतु सार्वजनिक श्री मद्भागवद महापुराण कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ में अष्टम दिवस के कथासार श्री सुदामा चरित्र द्वारका लीला भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोतरी प्रसंग में भागवत मर्मज्ञ परमपूज्य स्वामी गुरुदेव संत निरंजन महाराज, श्रीभागवत आश्रम, लिमतरा ने ओजस्वी वाणी में कहा कि अहंकार के विसर्जन में ही जीवन का सृजन है । मन को उल्टा नम करने पर जीवन संवरता है द्य हम बिम्ब और जगत प्रतिबिंब है और दर्पण जीवन का प्रतीक है द्य कृष्ण का भजन ही जीवन का ध्येय होना चाहिये । धरती माता राजा सत्राजीत की बेटी सत्यभामा है द्य ओंकार ही पुरुष का आकार है। नदी सागर से मिलन पर सागर बन जाती है, वैसे भक्त भगवान से मिलकर भगवान बन जाते हैं द्य सुदामा चरित्र में मित्रता को पवित्रता का प्रमाण बताया द्य पंचम पुरुष का अर्थ परमात्मा के प्रति विशुद्ध प्रेम है। कथा श्रवण में अरुण वोरा, विधायक दुर्ग, पुराणिक राम देवांगन, जिलाध्यक्ष, दुर्ग जिला देवांगन समाज, सचिव राकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष मनहरण देवांगन, उपाध्यक्ष मनोहर देवांगन, भूषण देवांगन, अजीत देवांगन सहित समाज के हजारों भागवत प्रेमी उपस्थित रहे द्य सभी श्रद्धालुओं के लिये कथा पश्चात भोजन - प्रसादी की व्यवस्था किया गया है।

खुर्सीपार की जनता को गंदगी और विभिन्न बीमारियों के खतरे से मिलेगी निजाद

# विधायक देवेंद्र की पहल से 1 करोड़ की लागत से होगा खुर्सीपार के सिवरेज लाइन की सफाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम भिलाई का सबसे सघन इलाके वाला क्षेत्र खुर्सीपार है। जहां की बैक लाइन सिवरेज लाइन पूरी तरह से खराब हो चुकी है। इसकी वजह से क्षेत्र में गंदी बदबू और बीमारी का खतरा बना रहता है। ऐसे में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। करीब 1 करोड़ की लागत से पूरे खुर्सीपार क्षेत्र के बैक लाइन और सिवरेज लाइन का ट्रीटमेंट किया जाएगा। पूरी तरह से पुराने लाइन को उखाड़ करके नया पाइप लाइन बिछाया जाएगा।**



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लोगों की समस्याओं को जानने और उसका निदान करने के लिए समय-समय पर वार्डों का दौरा करते रहते हैं। दौरा करने के साथ ही लोगों से मिलते है उनका हालचाल पूछते हैं और समस्याओं को भी देखते हैं। इसी कड़ी में कुछ समय पहले जब विधायक देवेंद्र यादव खुर्सीपार गए थे, तब लोगों ने खुर्सीपार क्षेत्र के बैक लाइन सिवरेज लाइन की समस्या के बारे में बताया था। तब खुद विधायक ने खुर्सीपार क्षेत्र का भ्रमण करके सिवरेज लाइन की स्थिति को देखे थे। तभी विधायक श्री यादव ने जोन 4 के जोन अध्यक्ष और इंजीनियरों को सख्त निर्देश दिए थे और इस सिवरेज लाइन को पूरी तरह से ठीक कैसे किया जा सकता है। कैसे लोगों को इस समस्या से वर्षों के लिए निदाज मिल जाएगा। इसका पूरी तरह से स्टीमेंट तैयार करने के लिए कहा था। इंजीनियरों ने स्टीमेंट तैयार कर विधायक के माध्यम से शासन को भेजा। शासन ने इसके लिए करीब 1 करोड़ की स्वीकृति दे दी है।

### टेंडर प्रक्रिया चल रही

खुर्सीपार क्षेत्र का सिवरेज लाइन वर्षों पूरा बताया जा रहा है। करीब 30 साल से अधिक समय से यह सिवरेज लाइन है। इसके संधारण व साफसफाई आदि के लिए इससे पहले जो भी विधायक थे, उन्होंने कभी ध्या नहीं दिया। विधायक देवेंद्र यादव ने जनता की इस समस्या को गंभीरता से समझा और इसका पूरी तरह से निदान करने प्रयास शुरू हो गया है। विधायक श्री यादव के निर्देश पर टेंडर प्रक्रिया चल रही है जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर वर्क आर्डर देकर काम शुरू किया जाएगा।

### पूरा सिवरेज लाइन ही बदल कर नया करेंगे

जोन 4 के अधिकारियों ने बताया कि सिवरेज लाइन पूराना हो चुका है। इसे पूरी तरह से नया तरीके से बनाने की जरूरत है। इसलिए करीब 1 करोड़ की लागत से पूरे खुर्सीपार क्षेत्र का सिवरेज लाइन को ही चेज कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी होगई है। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

### जनता को मिलेगा बड़ा लाभ

जनता के मांग के अनुरूप हम लगातार काम कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने सिवरेज लाइन की समस्या बताई थी, जिस पर जल्द ही काम शुरू होने वाला है। करीब 1 करोड़ रुपए की राशि शासन ने स्वीकृत की है। इस समस्या के समधान से क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा।

**देवेंद्र यादव**
विधायक भिलाईनगर

## आयुक्त प्रकाश सर्वे ने मॉर्निंग विजिट में भेलवा तालाब का किया निरीक्षण, तालाब में सफाई व्यवस्था भी देखी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे आज मॉर्निंग विजिट में भेलवा तालाब पहुंचे, नेहरू नगर के इस तालाब को हर कोई जानता है। प्रतिदिन यहां सैकड़ों की संख्या में सुबह और शाम लोग सैर सपाटे के लिए पहुंचते हैं और परिवार के साथ यहां के मनमोहक दृश्य को अपने मोबाइल पर भी कैप्चर करते हैं।**

ठीक इससे लगा हुआ गुरुद्वारा है, जो कि भैलवा तालाब से नजर आता है, भेलवा तालाब में चारों ओर सौंदर्यीकरण किया गया है, भेलवा तालाब में घूमने पर चारों ओर हरियाली नजर आती है। निगमायुक्त ने यहां सफाई व्यवस्था देखी, हालांकि गुरु नानक देव सरोवर भेलवा तालाब का रखरखाव कर रही है, इनके अध्यक्ष भी आयुक्त के निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। निगमायुक्त जब पहुंचे इस समय मुकेश चंद्राकर, एमआईसी मेंबर लालचंद वर्मा, शमशेर बहादुर सिंह और बड़ी संख्या में लोग भेलवा तलाब पहुंचे थे।

टहलने आए हुए लोगों ने आयुक्त को बताया कि भेलवा तालाब में पानी आने का स्रोत 77 एमएलडी की तरफसे छोटी केनाल के माध्यम से है, लेकिन कुछ दिनों से इसमें मिट्टी आ रही है, निगमायुक्त ने मौके से अधिकारियों को निर्देश दिए कि छोटी कैनाल की सफाई की जाए।

दरअसल तालाब में इनलेट और आउटलेट दोनों ही बना हुआ है। साल भर पानी इस तालाब में रहता है। आसपास के क्षेत्रों के लिए यह जल स्रोत वाटर रिचार्ज का काम करता है, पुराने अनुभवी लोगों को इस बात की जानकारी है।

## 19.98 लाख से होगा सड़क डामरीकरण, विधायक व महापौर ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम सीमान्तर्गत आज शहर के वार्ड नंबर 15 व 16 पटरीपार सिकोला भाठा पायल मेडिकल स्टोर्स से लेकर मनोज राजपूत के मकान व आयुर्वेदिक हॉस्पिटल तक का जल्द ही सड़क डामरीकरण का कार्य पूरा होगा।

करीब 19.98 लाख रुपए की लागत से होने वाले निर्माण का विधायक विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल,छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर. एन. वर्मा,अब्दुल गनी,संजय कोहले,गया जी पटेल,हमीद खोखर,शंकर ठाकुर,श्रीमती उषा ठाकुर व नागरिको के उपस्थिति में भूमिपूजन किया। इस मौके पर वार्ड वासियों ने विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल को धन्यवाद देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया।

वार्ड 15- 16 में लंबे समय से वार्ड पार्षद व वार्ड के नागरिक सड़क डामरीकरण निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य की मांग कर रहे थे। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षदों के साथ पहुंचकर सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया।

विधायक वोरा ने बताया कि लंबे समय से वार्ड नंबर 15 और 16 के भीतरी भाग में सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शासन से कई अंदरूनी सड़कों के डामरीकरण एवं उन्नयन हेतु 3 करोड़ की स्वीकृति लाई गई है।

## क्रिएटिव कराटे एकेडमी में 3 वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सौम्या ने 7 साल 3 माह में प्राप्त किया ब्लेक बेल्ट का खिताब

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** टिवनसिटी में पिछले 10 वर्षो से क्रिएटिव कराटे एकेडमी का संचालन सेनसाई युवा कोच संदीप ताम्रकार के द्वारा दुर्ग भिलाई के तीन अलग अलग स्थानों में कम उम्र व बड़ी उम्र के बच्चों को सेल्फ डिफेन्स के कराटे के खिलाड़ियों को तैयार किया जा रह है। ताकि यह खिलाड़ी कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर देश व प्रदेश के साथ अपने गुरू व मां बाप का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जा सके। आज आयोजित पत्रवार्ता में सेलसाई युवा कोच संदीप ताम्रकार ने बताया कि केपीएस सुंदर नगर कक्षा 3 में अध्यनरत उनकी पुत्री सौम्या ताम्रकार जो कि 7 साल 3 माह की है। उसे इतने कम उम्र में ब्लेक बेल्ट का खिताब मिला है। वह यामिनी ताम्रकार की बेटी है।

वर्ष 2018 में आठ वर्ष की कराटे खिलाड़ी प्रतिक्षा अग्रवाल ने भी ब्लेक बेल्ट इसी संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राप्त किया था। सौम्या ताम्रकार पिछले 3 वर्षों से लगातार सुंदर नगर केपीएस स्कूल में ही शिक्षा प्राप्त कर रही है। शुरू से ही उसका रूझान कराटे व बैडमिंटन के प्रति रहा है। साथ ही सौम्या पंच व किक की फ्लेक्सबिलीटी व स्ट्रेचिंग में भी महारत हासिल है। इस बच्ची को 23 प्रकार के कराटे आते है। गत दिवस राजधानी रायपुर में आयेजित राज्य स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता में भी इसे गोल्ड मेडल मिला है। जनवरी 2022 में आयोजित कराटे के ब्लेक बेल्ट जिसमें 80 से अधिक कराटे के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 6 खिलाड़ियों को ब्लेक बेल्ट मिला जिसमें सौम्या ताम्रकार सबसे कम उम्र की बेल्क बेल्ट खिलाड़ी है। पत्रकारवार्ता में सेनसाई शशांक गुप्ता, नेशनल प्लेयर विनय यादव, जमाल अहमद, व स्टेट प्लेयर संजना ताम्रकार भी मौजूद थे।

## कलेक्टर भुरे ने शहरी गौठान का किया औचक निरीक्षण, अब गौठान में महिलाएं मुर्गी पालन का भी करेंगी व्यवसाय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शहरी गौठान कोसानगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की महिलाओं की रोजगार संबंधी गतिविधियां देखी, महिलाओं द्वारा मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है।

अगरबत्ती निर्माण, फूलों से बने साबुन, फिनाइल आदि का वृहद रूप में महिलाएं व्यवसाय कर रही है। महिलाओं की रुचि को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने गौठान में मुर्गी पालन के व्यवसाय को बढ़ावा देने कहा। मछली पालन देखने तालाब पहुंचे और इस प्रकार के व्यवसाय पर फोकस करने कहा, उन्होंने महिलाओं को निर्देश दिए कि सब्जी उत्पादन गौठान के एक बड़े भूभाग पर करें, ज्यादा मांग और जल्दी ग्रोथ करने वाले सब्जियों का चयन इसके लिए करें। कलेक्टर ने गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने वर्मी कंपोस्ट खाद की क्वालिटी भी देखी। कलेक्टर ने महिलाओं के कार्य की सराहना की तथा और भी गतिविधियों को जोड़ने व रोजगार तथा आय प्राप्त करने के सुझाव दिए वहीं उन्होंने महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद की सामग्री की खरीदी की और महिलाओं को प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त सुनील अग्रहरी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड एवं अमिताभ शर्मा कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े आदि मौजूद रहे।

सी मार्ट का निरीक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश कलेक्टर डॉक्टर भुरे पावर हाउस के समीप स्थित निर्माणाधीन सी मार्ट का निरीक्षण करने पहुंचे, उन्होंने सी मार्ट के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्केट के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्रक्चर को उन्होंने देखा, ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।




पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति के 4 हजार कार्यकर्ताओं ने जेल भरो आंदोलन में दी अपनी सहभागिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली व धार्मिक-सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों को लेकर अनुमति के नाम पर लाए गए काले आदेश के खिलाफभारतीय जनता पार्टी के आह्वान आज प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के 4 हजार कार्यकर्ताओं ने जेल भरो आंदोलन में अपनी सहभागिता देते हुए गिरफ्तारी दी।**



समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में समिति के 4 हजार कार्यकर्ताओं ने सेक्टर -1 सेंट्रल एवेन्यू से होते हुए वायशेप ब्रिज के रास्ते बाईक रैली के माध्यम से मानस भवन पहुंचकर इस काले कानून के प्रति अपना रोष जताते हुए गिरफ्तारी दी। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने मानस भवन दुर्ग में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों के संवैधानिक अधिकार पर रोक लगाने के लिए यह काला कानून जारी किया है। जिसके तहत अब लोगों को किसी प्रकार के धरना, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक कार्यक्रमों, जुलूस, रैली, भूख हड़ताल जैसे कार्यक्रमों के लिए सरकार को हलफनामा देना होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि इन कार्यक्रमों के लिए संगठनों को अनुमति तो लेनी ही है लेकिन उससे पहले हलफनामा देना होगा जिस पर प्रशासन अपनी मर्जी से फैसला लेगी। उन्होंने कहा कि इस काले कानून में ऐसे- ऐसे बिंदु दिये गये हैंक जिसके अनुसार अब संगठन को ही अपने कार्यक्रम की वीडियोग्राफी कर 48 घंटे में एसडीएम को सौंपनी होगी जबकि इससे पहले यह कार्य प्रशासन द्वारा किया जाता था। सरकार ने यह जो आदेश पारित किया है कि उसमें इतना वेग है कि प्रशासन जिसको चाहे उसको घेरे में लेकर कार्यवाही कर सकता है। इसमें कण्डिका 18 में उल्लेख है कि उपरोक्त किसी भी बिंदु का उल्लंघन होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

श्री पाण्डेय ने कहा कि शासन ने हलफनामे के लिए जो प्रारूप जारी किया है वह इतना जटिल है कि उसे भरने में वकीलों की भी जरूरत पड़ेगी।

### कांग्रेस का काम केवल लोगों को गुमराह करना

श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की इस कांग्रेस सरकार ने सिर्फ और सिर्फ लोगों को गुमराह किया है। चाहे युवा वर्ग हो, व्यापारी वर्ग हो या किसान हो, सबको इन्होंने धोखा दिया है। आज प्रदेश के उपर 1 लाख करोड़ से भी अधिक का कर्ज हो चुका है, प्रत्येक आदमी पर 36 हजार रूपए का कर्ज है। प्रदेश के लाखों किसानों का धान आज भी नहीं खरीदा जा रहा है। जिनका धान खरीदा जाता है उन्हें भी किश्तों में राशि दी जाती है। अब तो चिंतन शिविर में खुद कांग्रेस के नेता स्वीकार कर चुके हैं कि उन्हें लोगों के बीच जाना पड़ेगा इसलिए ये लोग अब जन जागरण यात्रा निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950